# नई सोच एक्सप्रेस

हर खबर पर पैनी नजर

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 09 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 285, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com



पेज : 08

परम सुंदरी कृति सेनन ने खुद को एक प्रतिशत एलिगेंट माना, फैंस से पूछे सवाल




# शंभू बार्डर से किसानों ने किया दिल्ली कूच, पुलिस ने रोका, एक दर्जन किसान घायल

### हरियाणा पुलिस ने फूल बरसाने के बाद दागे आंसू गैस के गोले, एक किसान की हालत गंभीर, पीजीआई रैफर

**एजेंसी, अंबाला**

हरियाणा-पंजाब के शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने रविवार की दोपहर दिल्ली कूच का प्रयास किया। पुलिस व किसानों के बीच करीब चार घंटे तक जद्दोजहद चलती रही। इस बीच पुलिस द्वारा एयर गन से किसानों की तरफ फूल बरसाए गए। किसानों ने दावा किया कि पुलिस ने चकमा देने के लिए यह सब किया और कुछ ही पलों में फूल बरसाने वाली गन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए। कई घंटे के बाद किसानों ने कूच को टाल दिया और वापस लौट गए। शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने आज दूसरी



बार दिल्ली कूच का प्रयास किया। किसान जैसे ही आगे बढऩे लगे तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोडऩे की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। इस गफलत के बीच किसानों पर आंसू गैस के गोले बरसने शुरू हो गए। किसानों में भगदड़ मच गई। किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रैफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। किसान नेताओं ने कहा कि कई घायल किसान ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लगाकर अस्पताल गए हैं। पंधेर ने कहा कि फूल बरसाकर गोलियां चलाई गई हैं। पुलिस ने रबड़ की गोलियां चलाईं। एक किसान के सिर पर टीयर गैस का बम लगा। हरियाणा पुलिस ने दोहरी नीति अपनाई। पहले किसानों को चाय ऑफर की गई। इसके बाद फूल गिराए गए, लेकिन इसके साथ ही टीयर गैस छोड़ी गई। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि अगले कूच का फैसला

## गांवों व किसानों को समृद्ध करना जरूरी : गडकरी

**एजेंसी, चंडीगढ़** । केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश की तरक्की के लिए गांवों के किसान-मजदूरों को समृद्ध करना जरूरी है। हमारे देश की उन्नति में 12 से 14 प्रतिशत उन्नति खेतीबाड़ी व सहयोगी इंडस्ट्री से आती है। नितिन गडकरी पंजाब के अमृतसर में सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि देशभर से आए हुए प्रतिनिधियों को रविवार संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 से 24 फीसदी ग्रोथ मैन्युफैक्चर और 52 से 54 प्रतिशत ग्रोथ सर्विस सेक्टर से आती थी। स्वाधीनता आंदोलन की शुरूआत में 90 फीसदी आबादी गांवों में रहती थी, लेकिन अब गांवों में लोग नहीं रह रहे हैं। 30 फीसदी आबादी गांवों से निकल कर बड़े शहरों में चली गई है। अमृतसर में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.उदय जोशी की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में नितिन गडकरी ने कहा कि बड़े शहरों में लोग झोपड़-पट्टी में रह रहे हैं। वह मजबूरी में शहरों में गए, क्योंकि वहां अच्छे घर व सुविधाएं नहीं थी। हमारे किसान व मजदूरों की हालत अच्छी नहीं है। अगर आज हमें आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है तो गांव, गरीब, किसान, मजदूर और को ग्रामीण व कृषि एवं जंगल के क्षेत्र को समृद्ध करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री सोमवार को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार 9 दिसंबर को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 9 दिसंबर को जयपुर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद हरियाणा जाएंगे और दोपहर करीब 2 बजे पानीपत में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करेंगे।

### बांग्लादेश में फिर एक इस्कॉन मंदिर में आगजनी, हिंदुओं पर हमले बढ़े



**एजेंसी, ढाका/कोलकाता।** बांग्लादेश के ढाका जिले के धौर गांव में शनिवार तड़के अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के एक मंदिर को अज्ञात हमलावरों ने आग के हवाले कर दिया।इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने बताया कि मंदिर की टिन की छत को उठाकर उसमें आग लगाई गई। उन्होंने कहा, "आग को जल्दी बुझा दिया गया, लेकिन एक मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई और पर्दे जल गए।"

### समाजवादी पार्टी के नेता ने की राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी

**एजेंसी, लखनऊ** । कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गठबंधन के बीच छींटाकशी का दौर शुरु हो गया है। लखनऊ और आजमगढ़ से जुड़े समाजवादी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने रविवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी कर दी। समाजवादी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने कहा कि इन्होंने जिद कर ली है कि ये अब नहीं सुधरेंगे। जनता ने, विपक्षी दलों ने बहुत अवसर दिया इनमें नेतृत्व का घोर अभाव है। इनकी उम्र 55 की और दिल बचपन का है। 1989 की भांति विपक्ष को नया नेता चुनना ही होगा, जो सत्ता परिवर्तन कर सके। रविवार को समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव ने भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर तीखी टिप्पणी की। फिर भी महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस के बड़े नेताओं पर टिप्पणी करने से बचते रहे।

# बॉर्डर पर खड़े बीएसएफ जवानों पर किसी को सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं : शाह

■ *बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में अमित शाह ने परेड का निरीक्षण किया*

**एजेंसी, जोधपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि सीमा सुरक्षा बल 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' के नाम से जानी जाती है। इन्हीं के भरोसे अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए बीएसएफ जवानों को जाता है और किसी को इन पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमा से जब भी कोई अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान निपट लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। गृह मंत्री को सुबह बीएसएफ की जीप में एसटीसी



स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया। गृह मंत्री ने कहा कि जवान अपने जीवन का स्वर्णकाल माइनस 43 डिग्री के तापमान से लेकर प्लस 43 डिग्री टेम्प्रेचर तक के वातावरण में बिताता है। न आप बच्चों की देखभाल कर पाते हैं, न बूढ़े माता-पिता की सेवा कर पाते हैं। तपते रेगिस्तान, घने जंगलों और बर्फ में भी आपने अपनी ड्यूटी निभाई है। जब देश सो रहा होता है, तब आप पहली पंक्ति के रूप में देश की सेवा करते हैं। आपका ये बलिदान अहसास दिलाता है कि भारत अजेय है। इसको कोई नहीं हरा सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन की समस्या और गहराने वाली है। ऐसे में देश के सभी सीमा सुरक्षा बल, रक्षा विभाग, डीआरडीओ और सारे सुरक्षा विभाग ने मिलकर एक लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित की है। अभी यह प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया है। इसके प्राथमिक परिणाम बेहद अच्छे आए हैं। इससे पंजाब बॉर्डर पर 55 हमलों को रोका गया है। उन्होंने कहा कि हमने तीन हजार गांवों में प्रायोगिक रूप से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है। सीमा सुरक्षा बल की ओर से ओखा (गुजरात) में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस एकेडमी की स्थापना की गई है। हमारी जल सीमाओं की सुरक्षा में तैनात राज्य की पुलिस और सीमा सुरक्षा बल दोनों की ट्रेनिंग यहां कराई जा रही है। इसके साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में व्यापक सुरक्षा प्रणाली लेकर आए हैं। बीएसएफ में कॉम्प्रिहेंसिव इंट्रीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धुबरी (असम) में शुरू किया है। इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश की बॉर्डर पर लगाया जाएगा। बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बड़ी राशि दी जा रही है। शाह ने कहा कि 2024 में बीएसएफ ने जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के सामने लड़ने का रिकॉर्ड बनाया है। मुझे विश्वास है कि आप ये सारे काम आगे भी करते रहेंगे। भारत सरकार ने हर बजट में बहुत बड़ी राशि बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए दी है। बांग्लादेश की सीमा पर 591 किलोमीटर की बाड़बंदी, 1129 किलोमीटर पर फ्लड लाइट्स लगाई गई हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास किया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिन्दू समाज में उबाल

### अक्रोश सभा में प्रचंड प्रदर्शन

**एजेंसी, गाजियाबाद**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद में हुई अक्रोश सभा में हिन्दू समाज में उबाल में आ गया। यहां पर हिन्दू समाज के लोगों ने न केवल विरोध प्रदर्शन किया, बल्कि आक्रोशित हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश के अंतरिम सरकार की शव यात्रा निकालकर पुतला भी फूंका। इस्कान के संत चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई की मांग की। इससे पहले हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने कविनगर रामलीला मैदान में आक्रोश सभा का आयोजन किया। इस मौके पर समस्त हिंदू समाज सुरक्षा समिति की ओर से भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांग की गई कि भारत सरकार बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा और जेल भेजे गए निर्दोषों की तत्काल रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस कार्यवाही अमल में लाए। ज्ञापन में समिति ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों को एकजुट करते हुए मांग की कि बांग्लादेश के विरुद्ध ठोस कार्यवाही करते हुए उसकी अंतरराष्ट्रीय सहायता पर रोक लगवाई जाए। आक्रोश सभा में उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, वीके अग्रवाल, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर बीके शर्मा हनुमान आदि की अगुवाई में हिंदू समाज ने रोष जाहिर किया।



## उधमपुर में 2 पुलिस कर्मियों के शव मिलने से हड़कंप

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में रविवार सुबह दो पुलिसकर्मी के शव पुलिस वैन में मिलने से हड़कंप मच गया। शवों के शरीर पर गोलियों के निशान मिले हैं। किसी हमले के अंदेशे के बीच बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मियों ने ही एक दूसरे को गोली मारी जिससे दोनों की ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार उधपुर में रविवार सुबह 02 पुलिसकर्मियों के शव पुलिस वैन में बरामद हुए थे। पुलिस के प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह आपसी रंजिश से जुड़ा मामला लगता है।



उक्त पुलिसकर्मी सोपोर से जम्मू क्षेत्र के रियासी से तलवाड़ा के असिस्टेंट ट्रेनिंग सेंटर जाने के लिए निकले थे। मृतकों में एक ड्राइवर है, जबकि दूसरा हेड कॉन्स्टेबल बताया गया है। बताया जा रहा है कि हेड कांस्टेबल ने आत्महत्या करने से पहले किसी बात को लेकर ड्राइवर पर गोली चलाई होगी, जिससे उसकी मौत हुई और उसके बाद हेड कॉन्स्टेबल ने खुद को गोली मार ली।

## जयशंकर बोले- रूस नहीं दे रहा सस्ता तेल, आपके पास कोई डील हो तो बताएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस का बहिष्कार किया, लेकिन भारत ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी। इसको लेकर जब विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल पूछे गए तो उन्होंने करारा जवाब दिया। जयशंकर ने शनिवार को भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले का जोरदार बचाव किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विश्व के पास भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई बेहतर विकल्प है। यह बयान उन्होंने 22वें दोहा फोरम के पैनल नए युग में संघर्ष समाधान पर चर्चा के दौरान



दिया। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल खरीदना भारत के लिए कोई सस्ता सौदा नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं तेल खरीदता हूं। यह सच है। यह सस्ता नहीं है। क्या आपके पास बेहतर डील है ?भारत ने हाल के वर्षों में रूस से कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रूस अब भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो भारत के कुल तेल आयात का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल की शुरुआत में कीव का दौरा किया और राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से मुलाकात की। पीएम मोदी ने भारत के शांति के पक्ष में रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। दूसरी ओर ज़ेलेंस्की ने भारत से यूक्रेन का समर्थन करने और संतुलनकारी रवैया न अपनाने की अपील की।दोहा फोरम में जयशंकर ने संकेत दिया कि वैश्विक राजनीति में यथार्थवाद की ओर रुख हो रहा है। उन्होंने कहा, वार्ता की आवश्यकता को स्वीकार करना युद्ध जारी रखने की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हो रहा है।

## हम जनता के हक, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे : सुदेश महतो

**एजेंसी। रांची**

आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि हम जनादेश का सम्मान करते हैं। परिणाम भले हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हम जनता के हक, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। महतो हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के परिणाम की समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे। बैठक में पार्टी की संसदीय बोर्ड के सदस्य और विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों को संबोधित करते हुए महतो ने कहा कि जनहित से जुड़े सकारात्मक मुद्दों में हम सरकार के साथ खड़े रहेंगे लेकिन जहां भी जनविरोधी निर्णय आएंगे वहां हम धारदार विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। यह चुनाव इंडी गठबंधन ने विकास के आधार पर नहीं, बल्कि जातीय धुर्वीकरण के आधार पर लड़ा है। जातीय धुर्वीकरण ही इस गठबंधन का आधार है। हमारे गठबंधन के साथियों के साथ समन्वय स्थापित न होना भी इस अप्रत्याशित परिणाम का कारण रहा। महतो ने कहा कि आजसू के सभी कार्यकर्ता पूर्व की तरह जनता के बीच जाएंगे। उनके बीच उनके लिए काम करेंगे और यदि सरकार अपने वादों पर पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण तथा 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, युवाओं के लिए रोजगार, विधवा पेंशन और दिव्यांग यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता बढाकर 2500 करने तथा जातीय जनगणना के मुद्दे पर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ते नहीं दिखेगी तो हम इन मुद्दों का जनता को फिर से गोलबंद करेंगे तथा मूलवासी, झारखंडी एवं पिछड़ों के हित में सामाजिक एवं राजनीतिक लड़ाई को अपने मुकाम तक पहुंचाएगी।पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हम जनता की भावनाओं को अच्छे से समझने में नाकाम रहे। स्थानीय मुद्दों का चुनाव से गायब होना जनता को रास नहीं आया।



# सीरिया में 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का खात्मा, विद्रोहियों ने की नये युग की घोषणा

**एजेंसी, दमिश्क**

सीरिया में करीब 50 साल के बाथ शासन और 24 साल के बशर अल असद शासन का रविवार को अंत हो गया। विद्रोही गठबंधन के सामने असद की ताकतवर सरकार 10 दिन भी नहीं टिक पाई। इसके साथ ही 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का भी खात्मा हो गया। राजधानी दमिश्क की सड़कों पर लोग जश्न मना रहे हैं। अपने शासन का अंत करीब देख बशर अल असद पहले ही देश छोड़ कर भाग चुके हैं। सीरियाई सेना ने इसकी पुष्टि की। सीरिया के सार्वजनिक संस्थानों पर कब्जे के



साथ विद्रोही गुट ने रविवार को सीरिया के आजाद होने की घोषणा की। जेलों से कैदियों को रिहा करने की घोषणा की गई। इस्लामी चरमपंथी गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और विद्रोही गठबंधन ने कहा है कि अब नया सीरिया बनेगा, जहां सब शांति से रहेंगे। विद्रोहियों की तरफ से कहा गया कि देश के सार्वजनिक संस्थान 'पूर्व प्रधानमंत्री' की देखरेख में रहेंगे, जब तक नई सरकार सत्ता पर काबिज नहीं हो जाती। इससे पहले प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल जलाली ने भी एक रिकॉर्डेड बयान में विद्रोहियों से मिलकर नई सरकार के गठन की बात कही। बशर अल असद ने साल 2000 में अपने पिता हफीज अल-असद के बाद सीरिया की कमान संभाली थी। हफीज अल असद ने 1950-60 के गृहयुद्ध के बाद तख्तापलट कर सीरिया की सत्ता संभाली थी। पिता हफीज अल असद ने 29 साल शासन किया। इस तरह साल 1971 के बाद से 2024 तक असद परिवार का सीरिया पर शासन रहा। असद के पिता हफीज अल अस्साद ने बाथ पार्टी बनाई थी और इस पूरे शासनकाल में यही पार्टी सत्ता का प्रतिनिधित्व करती रही। इसलिए दमिश्क पर कब्जे के बाद विद्रोहियों ने बयान जारी कर कहा कि बाथ पार्टी के शासन के 50 सालों के उत्पीड़न और 13 सालों के अपराध, अत्याचार और विस्थापन का सामना कर आज, 8 दिसंबर, 2024 को उस कालयुग का अंत और सीरिया के नए युग की शुरुआत का हम ऐलान करते हैं। 2011 में अरब स्प्रिंग के दौरान सीरिया में बशर अल असद शासन के खिलाफ व्यापक विद्रोह भड़का था। लेकिन उस समय सत्ता पर मजबूत पकड़ रखने वाले असद को रूस और ईरान जैसे सहयोगियों के कारण विद्रोहियों से निबटने में सफलता मिली थी।

# बिहार में विकास केवल पीएम और सीएम के भाषणों में दिखता है, हकीकत कोसों दूर : अखिलेश

नई सोच एक्सप्रेस

» सरकार के विकास के दावों की पोल खोलती है कैग और नीति आयोग की रिपोट

**पटना।** जब जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ये दावा करते हैं कि बिहार मजबूत राज्यों के साथ पंक्ति में खड़ा हो रहा है तब तब उनके कार्यकाल की खामियों और कमियों को सरकार की रिपोर्ट के माध्यम से आइना दिखाने का काम होता है। 20 सालों से बिहार में सत्ता संभाल रहें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल का यह चुनाव अंतिम साल साबित होने वाला है। कैग से आई स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान रिपोर्ट और नीति आयोग की जुलाई में आई रिपोर्ट को आधार बनाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि नीति आयोग के टिकाऊ विकास सूचकांक में बिहार का प्रदर्शन देश में सबसे खराब आंका गया था। आयोग इस सूचकांक के जरिए सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय मानकों पर प्रगति का मूल्यांकन करता है। इसमें टिकाऊ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है उसमें शिक्षा के मामले में एसडीजी इंडेक्स में बिहार सबसे निचले पायदान पर अर्थात 36 वें स्थान पर है। ग्रामीण साक्षरता दर और भी खराब है जो कि 43% ही है। वहीं कैग की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल ही चुकी है जिसमें कहा गया कि कुल भेजी गई राशि का 31% रकम बिहार ने खर्च ही नहीं किया और साथ ही डब्ल्यूएचओ के तय मानकों के अनुसार यहां प्रति हजार की संख्या पर एक डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं हैं। वहीं एंबुलेंस, ओटी, प्रशिक्षित कर्मचारी, वेंटिलेटर सभी तय मानकों में हमारा राज्य इस रिपोर्ट में फिसड्डी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने आगे कहा कि बिहार में विकास केवल सीएम और पीएम के भाषणों में दिखाई देता है जबकि 26.95% जनता यहां गरीब है। 94.7% स्कूलों में बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था नहीं है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से घोषणा कर कहा था कि छात्र छात्राओं के लिए अलग अलग शौचालय निर्माण कराएंगे और बाद में अपने भाषणों में उन्होंने खुद से सौ प्रतिशत इसकी पूर्ति का दावा भी कर दिया लेकिन असल आंकड़े कुछ और ही हैं।स्वास्थ्य सेवाओं में 28 बड़े राज्यों में सबसे निचले पायदान पर हमारा देश बना हुआ है जो चार साल पहले 27 वें स्थान पर था। व्यापार पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि व्यापार करने की सुविधा में भी 26 वें स्थान पर हमारा राज्य है और प्रति व्यक्ति आय में भी राष्ट्रीय औसत आय से बेहद कम है। कृषि पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है और न ही एमएसपी किसानों को सही से मिलता है। विकसित राज्यों में जहां 98% तक एफसीआई के द्वारा एमएसपी पर खाद्यान्न की खरीद की जाती है वहीं बिहार से धान और गेहूं की तस्करी करके ले जाने वाले लोग इसे हरियाणा और पंजाब में एमएसपी के लिए ले जाकर बेचते हैं। उन्होंने कृषि प्रोत्साहन कार्यक्रमों को बिहार और यूपी केंद्रित बनाएं जाने और कृषि उत्पादन का विकास करने की वकालत करते हुए कहा कि ये सोचना होगा कि चीनी उत्पादन के मामले में बिहार पहले 27% योगदान देता था जो अब 2% रह गया है।संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, निर्मल वर्मा, बंटी चौधरी, लालबाबू लाल, ज्ञान रंजन, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, सूरज सिंहा, शिशिर कौंडिल्य, निधि पांडेय सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# राज्य के 1.55 करोड़ परिवार का आयुष्मान कार्ड बन चुकाः मंगल पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

» 10 महीने में 2.70 करोड़ कार्ड बनाए गए
» पुस्तक मेला में लगे आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु स्टॉल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

**पटना।** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित पुस्तक मेला- 2024 में बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (स्वास्थ्य विभाग बिहार) द्वारा आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु लगाए गए जागरूकता स्टॉल और बिहार एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा लगाए गए एचआईवी जागरूकता, परामर्श एवं जांच स्टॉल का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि यह जागरूकता स्टॉल 17 दिसंबर 2024 तक मेला स्थल पर कार्यरत रहेगा। स्टॉल के माध्यम से आगंतुकों को योजनाओं के लाभों की जानकारी दी जा रही है और उनका आयुष्मान कार्ड अथवा आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी मौके पर ही बनाया जा रहा है। राज्य में 1.79 करोड़ परिवार को योजना का लाभ मिलना है, जिसमें से 1.55 करोड़ परिवार तक आयुष्मान कार्ड पहुंचा जा चुका है। उन्होंने कहा कि 3.60 करोड़ लोगों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। पिछले 10 महीने में 2.70 करोड़ कार्ड बनाए गए हैं। इस स्टॉल पर विशेषज्ञ टीम आगंतुकों को योजनाओं की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर रही है। इसके साथ ही, लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने हेतु ऑन-द-स्पॉट कार्ड निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। श्री पांडेय ने कहा कि गरीब परिवार के बुजुर्गों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस योजना को 29 अक्टूबर 2024 से आरंभ किया। बिहार में इससे लगभग 39 लाख लाभार्थी को फायदा मिलेगा। इस योजना में 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो देश के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में 5 लाख तक इलाज करवा सकता है। आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से हम प्रदेश के नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एचआईवी जागरूकता परामर्श एवं जांच स्टॉल पर मुफ्त में की जा रही है। स्टॉल पर एक लैब टेक्नीशियन और एक परामर्श दाता को नियुक्त किया गया है, जो लोगों की एचआईवी जांच मुफ्त में कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने पुस्तक मेला में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में श्री शशांक शेखर सिन्हा, सी.ई.ओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 19 वर्षों की उपलब्धियों का बखान 19 दिनों में करना भी संभव नहीं : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** रविवार को बांका में जद(यू द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बातौर मुख्यतिथि उपस्थित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व विपक्ष के नेतागण गला फाड़-फाड़ कर हमारी पार्टी के बारे में अनर्गल भविष्यवाणी और तरह-तरह के दावे कर रहे थे लेकिन चुनाव परिणाम ने पुनः यह साबित कर दिया कि बिहार में नीतीश कुमार का विकल्प न कोई था, न है और ना ही होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें पूरी ताकत से विकासविरोधी पार्टियों को रोकना है और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीटें एनडीए की झोली में डालना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवीय आवश्यकताओं से जुड़ें आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाया है और शोषितों-वंचितों तक विकास की किरणें पहुंचाई है। 19 वर्षों की शानदार उपलब्धियों का बखान 19 दिनों में करना भी संभव नहीं है।उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता की नीति और नीयत का कोई मुकाबला नहीं है। नीतीश कुमार ने जाति-धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर सभी वर्ग के लिए काम किया है। वहीं, दूसरी ओर राजद ने समाजवाद के नाम पर सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। वर्ष 2005 से पहले बिहार में अपराधियों का तांडव था और आम लोगों को डर के साये में जीना पड़ता था। आज बिहार तरक्की के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भटकाने और भ्रम फैलाने वाली विपक्षी ताकतों से सतर्क रहना है। विपक्ष के पास झूठ के आलवे दूसरा कोई राजनीतिक हथियार नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि ह्य2025 में 225 और फिर से नीतीशह्व के संकल्प को सकार करने के लिए हमें एकजुट होकर अभी से जुट जाना है।

# जीरो वेस्ट इवेंट बनेगा गांधी मैदान का सरस मेला

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना नगर निगम की ओर गांधी मैदान परिसर में लगने वाला सरस मेला को जीरो वेस्ट इवेंट मेला बनाया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए पटना नगर निगम द्वारा कई तैयारियां की गई है। इसी कड़ी में जीरो वेस्ट इंवेट के रूप में *पटना सरस मेला परिसर को कचरे से मुक्त रखा जाएगा। 12 दिसंबर से सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में सभी दिन मेला परिसर को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में ही होगा। नगर आयुक्त के निर्देश पर सरस मेले में पटना नगर निगम की टीम द्वारा तैयारियां की जा रही है। सरस मेले में आमजनों की संख्या लाखों की होती है। प्रतिदिन सांस्कृति कार्यक्रम एवं विभिन्न स्टॉल के माध्यम से लोग खरीदारी एवं मनोरंजन के लिए एकत्रित होते है। ऐसे में खाने पीने की वस्तूएं एवं उनसे उत्पन्न कचरे का निष्पादन मेला परिसर में ही किया जाएगा। सुखे कचरे-सूखे कचरे के लिए पटना नगर निगम द्वारा एकत्रित करने के लिए विशेष टीम होगी जो इन कचरों को प्रोसेसिंग के लिए भेजेगी जिससे इसका पुनः उपयोग किया जा सके। गीले कचरे झ पटना नगर निगम द्वारा मेला परिसर में गीले कचरे की प्रोसेसिंग के लिए प्लांट भी लगा होगा। जिसे मेले के दौरान एकत्रित किया जाने वाला गीला कचरे वहीं प्रोसेस किया जा सके। इस प्रकार पटना नगर निगम द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि मेले से उत्पन्न कचरे का निष्पादन मेला परिसर में ही किया जाए। पटना नगर निगम कर्मियों द्वारा मेले में आने वाले लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया जाएगा। पटना नगर निगम की टीम द्वारा मेले में स्टॉल लगा होगा जहां आम लोगों को मिशन टोटल सेग्रिगेशन एवं स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे मेले परिसर में संदेशों के माध्यम से लोगों को कचरा अलग अलग करने, हेल्पलाइन नंबर एवं पटना नगर निगम की सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मेला परिसर में विभिन्न प्रकार के डस्टबिन, पिंक टॉयलेट, पेयजल एवं विशेष सफाई की व्यवस्था पटना नगर निगम द्वारा की जा रही है।

# दफादार चौकीदारों को अधिकार दिलाने को लेकर पशुपति पारस के नेतृत्व में सड़कों पर उतरेगी दलित सेना

नई सोच एक्सप्रेस

» पटना में होगा महाधरना का आयोजन



**पटना।** बिहार के दफादार और चौकीदार के मुद्दे को लेकर दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में दलित सेना राज्य भर में आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरेगी । दलित सेना एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने आज पटना में राज्य कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के समय से ही समाज की रक्षा एवं चौकीदारी और पहरेदारी करना दफादार और चौकीदारों का काम रहा है। इस सेवा में 90% पासवान समाज की ही बहाली होती रही है और अभी भी इस सेवा में पासवान समाज के लोग कार्यरत हैं लेकिन बिहार सरकार राज्य के दफादार और चौकीदार और पासवान समाज के लोगों को उनके इस सेवा से वंचित कर दोनों पदों पर सामान्य बहाली करना चाह रही है जो पूर्णतः अनुचित है। दलित सेना राज्य सरकार के इस मंशा के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। बिहार के पासवान और चौकीदारों दफादार के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ दलित सेना सड़क पर उतरेगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने कहा कि दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस खुद आंदोलन का नेतृत्व करेंगे और सड़क पर उतरकर उनके अधिकार को निश्चित रूप से दिलाने का काम करेंगे इसको लेकर पशुपति पारस को लाठी भी खाना पड़े, जेल भी जाना पड़े तो हमारे नेता पारस इसके लिए तैयार हैं। आगे राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में जनवरी माह में पटना में चौकीदारों और दफादार की मांग को लेकर दलित सेना के नेतृत्व में महाधरना का आयोजन किया जाएगा । इस महाधरना में बिहार भर के पासवान समाज और दफादार चौकीदार पंचायत संघ के लोग भी शामिल होंगे। अग्रवाल ने बताया कि बिहार दफादार चौकीदार पंचायत संघ के प्रतिनिधि उनके प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पशुपति से मिलकर किया है और उन्होंने पारस को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। पशुपति पारस ने संघ के लोगों को पूरा विश्वास दिलाया है कि दलित सेना और हमको इसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़ी तो हम हर कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं राज्य के दफादार और चौकीदार को उनका हक दिला कर रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में प्रधान महासचिव केशव सिंह, दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा,दलित सेना के राष्ट्रीय महासचिव अंबिका प्रसाद बीनू, दलित सेना के प्रधान महासचिव रंजीत पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष महताब आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष देव कुमार सिंह मौजूद थे।

# राजधानी के कई क्षेत्रों में बढ़ रहा प्रदूषण का खतरा, आमलोग परेशान

नई सोच एक्सप्रेस

» समनपुरा और राजवंशी नगर जैसे क्षेत्रों में पीएम 2.5 स्तर 170 माइक्रोग्राम घन मीटर तक पहुंच गया

**पटना।** शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट ने पटना के गंभीर प्रदूषण हॉटस्पॉट्स का खुलासा किया, जहां कुछ क्षेत्रों में पीएम 2.5 स्तर 170 माइक्रोग्राम/घन मीटर से अधिक पहुंच गया। राजधानी में समनपुरा और राजवंशी नगर जैसे क्षेत्रों में पीएम 2.5 स्तर 170 माइक्रोग्राम घन मीटर तक पहुंच गया। जो राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर है। यह रिपोर्ट स्थानीयकृत प्रयासों के महत्व को उजागर करती है, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके और शहरी वायु गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। यह रिपोर्ट - "डिकोडिंग अर्बन एयरः हाइपरलोकल इनसाइट्स इन पीएम 2.5 पॉल्यूशन एक्रॉस इंडियन मेट्रोपोलिसेस" - रेस्पायर लिविंग साइंसेज द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मौजूदा नेटवर्क से बाहर वायु गुणवत्ता की स्थिति को उजागर करती है। रिपोर्ट में नवंबर 2024 के लिए 10 प्रमुख भारतीय शहरों में स्थान-विशिष्ट औसत सीपीसीबी डेटा शामिल है, लेकिन हाइपरलोकल मॉनिटरिंग और विश्लेषण के माध्यम से और भी गहराई से प्रदूषण हॉटस्पॉट्स का विवरण दिया गया है। इस सर्वे रिपोर्ट में 150 से अधिक सेंसरों द्वारा जुटाए गए हाइपरलोकल डेटा का उपयोग करते हुए, रेस्पायर ने सीपीसीबी मॉनिटरिंग डेटा का विश्लेषण किया और गुगल मैप्स एयर क्वालिटी एक्यूआई के स्थानिक इनसाइट्स के साथ इसे ओवरले किया। यह रिपोर्ट 500 गुणा 500 मीटर रेजोल्यूशन पर वायु गुणवत्ता ट्रेंड्स प्रदान करती है। इन तकनीकों ने प्रदूषण पैटर्न का खुलासा किया, जिससे नीति निमार्ताओं, शहरी योजनाकारों और नागरिकों के लिए उपयोगी समाधान विकसित किए जा सकते हैं। राजधानी में वैज्ञानिकों की माने तो प्रदूषण के मुख्य कारण फसल अवशेष जलाने, वाहनों के धुएं, और शहरी विस्तार को प्रदूषण हॉटस्पॉट्स के प्रमुख कारणों के रूप में पहचाना गया। जबकि सीपीसीबी डेटा ने कुल मिलाकर प्रदूषण स्तर पर प्रकाश डाला, हाइपरलोकल मॉनिटरिंग ने अतिरिक्त अप्रतिबंधित हॉटस्पॉट्स और शहरी और बाहरी क्षेत्रों में बारीक बदलावों का खुलासा किया। रिपोर्ट में शहरी वायु प्रदूषण को संबोधित करने के लिए लक्षित उत्सर्जन नियंत्रण लागू करने, ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर को एकीकृत करने और वास्तविक समय डेटा टूल्स और जागरूकता अभियानों के माध्यम से सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई है।

# छठ पर्व के माध्यम से पुस्तक मेले की थीम 'पेड़ पानी जिंदगी का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** गांधी मैदान में आयोजित 40वें सीआरडी पटना पुस्तक मेले के दूसरे दिन मेले के मुख्य मंच पर स्कूल उत्सव के तहत स्कॉलर्स अबोड स्कूल के बच्चों द्वारा पटना पुस्तक मेले की थीम 'पेड़ पानी जिंदगीः पर्यावरण सुरक्षा अभी' पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकी की प्रस्तुति की गई। इसमें बिहार के लोक आस्था के पर्व छठ की छठा भी दिखाई गई। इस दौरान बैकग्राउंड म्यूजिक में बज रहे स्व. लोक गायिका शारदा सिन्हा के गाने पर बच्चों ने परफॉर्म किया। इसके अलावा भी बच्चों ने कई प्रस्तुति देकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष प्रो. रामायण प्रसाद शामिल हुए। वहीं पटना पुस्तक मेला में आज किस्सागो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कथाकार कमलेश वर्मा, रमेश चन्द्रा और उषा झा ने अपनी कहानियों का पाठ किया. कमलेश वर्मा ने पिछवाड़े का डीरमिया, रमेश चन्द्रा ने रुकना नहीं राधिका शीर्षक कहानी का पाठ किया। मौके पर अनीश अंकुर ,जयप्रकाश, अनिल अंशुमन,राजनऔर मिथलेश सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। पुस्तक मेला के श्रीकृष्णापुरी मुख्य मंच पर आज जनता जंक्शन एपिक शो में मोडरेटर अपूर्व ने पर्यावरण समेत अन्य चुनौतियों के संबंध में भूगर्भ विज्ञान के डा अतुल पाण्डेय, साईकिलिस्ट शैलेश और जी आई एस के संबंध में मनीष कुमार से व्यापक चर्चा की। डा अतुल पाण्डेय ने मानवीय गतिविधियों का नदियों के स्वास्थ्य पर पड़नेवाले प्रभाव की चर्चा की। खराब स्वास्थ्य से नदियों की सामान्य प्रक्रिया बदल जाती है। गंगा गंगोत्री से गंगासागर तक एक समान व्यवहार नहीं करती। जल का प्रवाह, नदी किनारे के इलाके, धर्म विधि से जुड़े विधान के समग्र इस्तेमाल से नदियों के सटीक विश्लेषण संभव है। मनीष कुमार ने जीआईएस रिमोट सेंसिंग के बारे में बताया कि पृथ्वी के हर कण की अलग अलग उष्मा होती है। इस उष्मा को अंतरिक्ष में स्थापित उपग्रह के भेजे डाटा के विश्लेषण से पता चलता है कि पृथ्वी पर वन, पानी, रेगिस्तान या अन्य कितना प्रतिशत है। पटना में रोज 25 किमी साईकिल चलानेवाले शैलेश ने कहा कि चुनौतियों के समाधान के प्रति जिम्मेदारी का अहसास स्वयं करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू के बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर समीक्षा

**पटना।** रविवार को जनता दल यूनाइटेड गायघाट सेक्टर के वार्ड 64 कार्यकारणी सदस्यों की बैठक लोदीकटरा चौकी के पास स्थित मैरेज प्वाइंट कमनियुटी हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड अध्यक्ष मो सबा करीम एवं संचालन गायघाट सेक्टर अध्यक्ष मुकेश कुमार ठाकुर ने किया। बैठक में सभी वक्ताओं ने पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने तथा आगामी 14 दिसंबर को होने वाली महानगर कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर जोर दिया। गायघाट सेक्टर और बाजार समिति की तैयारी बैठक अध्यक्ष मुकेश ठाकुर गायघाट अध्यक्ष बाजार समिति पवन मेहता ने कहा कि आगामी 14 दिसंबर को राम लखन सिंह यादव कॉलेज अनीसाबाद में होने वाले महानगर जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन में गायघाट सेक्टर से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएगी। इस अवसर पर पटना महानगर अध्यक्ष आसिफ कमाल एवं पटना महानगर प्रवक्ता अनंत अरोड़ा ने कहा कि बहुत दिनों के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा इसलिए लोगों से सम्मेलन में भाग लेने के लिए आवाह्न किया। इस मौके पर जदयू पटना महानगर पूर्व अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी,अभय यादव, आलिया, गुड़िया, सेक्टर अध्यक्ष मुकेश कुमार ठाकुर प्रवीण चौधरी, वार्ड अध्यक्ष विजय कुमार सिंहा, कुमारी सुप्रिया,अमरेंद्र कुमार, सुषमा देवी, मुकेश सिन्हा, सबा करीम, पूजा पटेल मौजूद रहे।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद करें सरकार : सीपीआई

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीद सुनिश्चित करने की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि पूरे राज्य में धान की कटनी अंतिम दौर में पहुंच गई है, लेकिन किसानों से पैक्स और व्यापार मंडल के द्वारा धान की खरीद नहीं की जा रही है। अभी तक राज्य में मात्र एक लाख 41 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। जो काफी चिंताजनक है। किसान बिचौलियों के हाथों 1500-1600 रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने को मजबूर हैं। खरीद के आंकड़े देखने से लग रहा है अभी तक जो भी धान की खरीद हुई है, उसमें किसानों के बजाय अधिकांश धान गैर रैयत के नाम पर बिचौलियों से खरीदी गई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये और साधारण का 2320 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। लेकिन बिहार के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान बिचौलियों के हाथों औने पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर हैं। बिहार के धान प्रत्येक दिन दूसरे राज्य जा रहे हैं, बिहार के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल रहा है, लेकिन बिचौलिए और दूसरे राज्य के व्यापारियों की चांदी कट रही है। राज्य सरकार बिहार के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद सुनिश्चित करते हुए किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने की गारंटी करें।

### पंचायत स्तर पर कैंपों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा त्वरित निवारण

» दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार के पंचायतों में 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक प्रतिदिन कैंपों का किया जा रहा है आयोजन

**पटना।** यदि आपके बिजली विपत्र में किसी तरह की त्रुटि है, स्मार्ट प्रीमेड मीटर को लेकर किसी तरह की जिज्ञासा या फिर आशंका है, कृषि कनेक्शन के संबंध में किसी तरह की जानकारी हासिल करनी है, नया कनेक्शन लेना हो, सुविधा ऐप के इस्तेमाल के विषय में जानना चाहते हैं, या फिर बिजली से संबधित कोई भी शिकायत है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी एवं नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा क्रमशः दक्षिण बिहार व उत्तर बिहार में बिजली संबंधी सभी समस्याओं के निवारण के लिए आपके पंचायतों में 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। अपनी शिकायतों के साथ आप निःसंकोच अपने क्षेत्र में लगने वाले कैंपों में आइये और अपनी बिजली संबंधी समस्या का त्वरित समाधान पाइये। दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार के सभी पंचायतों में एसबीपीडीएल एवं एनबीपीडीसीएल द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इन कैंपों का आयोजन 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है।इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए ऊर्जा के सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने कहा कि हमारी प्राथमिकता उपभोक्ताओं को निरंतर गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करना है। बिजली संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए दक्षिण बिहार में पंचायत स्तर पर प्रति दिन 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।श्री पाल ने बताया कि पचायत स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कैंपों में कनीय विद्युत अभियंता के साथ साथ कनीय विद्युत अभियंता राजस्व, सहायक सूचना प्रोद्योगिक प्रबंधक उपलब्ध रहेंगे। उपभोक्ता अपनी शिकायत के साथ कैंप में निश्चिततौर पर आयें। कैंप में बिजली से संबंधित विभिन्न शिकायतों यथा स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित शिकायतें, विद्युत आपूर्ति, विपत्र सुधार, बिल को लेकर विवाद, भुगतान, नये विद्युत संबंध, कृषि विद्युति संबंध, गलत रीडिंग, खराब मीटर आदि त्वरित निवारण किया जाएगा।बता दें कि पंचायत स्तर पर लगने वाले इन कैंपों के विषय में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए माइक से निरंतर घोषणाएं भी की जा रही हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क किया जा रहा है। इन कैंपों को सुचारू रूप से चलाते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता एंव सहायक विद्युत अभियंता अपने अपने क्षेत्रों में इन कैंपों का दौरा करते रहेंगे।

### पाठकों से रू बू रू हुए स्टॉक मार्केट के बादशाह रवि आर कुमार

**पटना।** पटना पुस्तक मेला आज दुनिया में स्टॉक मार्केट के बेताज बादशाह रवि आर कुमार पाठकों से रू व रू हुआ. रवि आर कुमार ने कहा कि मेरा जीवन संघर्षों से भरा हुआ हैं. मेरी पढ़ाई लिखाई नवादा में हुई हैं। रवि आर कुमार ने कहा कि 90% से ज्यादा आबादी बिना तैयारी के स्टॉक मार्केट में आ जाती हैं. स्टॉक मार्केट में अपार संभावनाएँ हैं, हमें अपने पर विश्वास रखना होगा। जज्बा से सही रास्ते पर काम करने वाले लोगों को सफलता जरूर मिलती हैं। अगर आप पूरी तैयारी के साथ निवेश करेंगे तो मुनाफा जरूर होगा। रवि आर कुमार ने कहा कि मैं बिहार में जल्द ही शिक्षा पर काम करूँगा. उन्होंने कहा कि मैंने 75000 से ज्यादा लोगों स्टॉक ट्रेडिंग के लिए ट्रेनिंग दी हैं। रवि आर कुमार ने कहा कि बिहार में अपार संभावनाएँ हैं। यहाँ के लोग अपनी उधमिता के बल पर पूरी दुनिया में राज कर सकते हैं। डी जी पीपल के निदेशक अमित कुमार ने रवि आर कुमार का स्वागत करते हुए कहा कि रवि आर कुमार देश के गौरव हैं। इन्होंने पूरी दुनिया में बिहारी उधमिता का लोहा मनवाया. कार्यक्रम का संचालन गौरव कुमार ने किया। पटना पुस्तक मेला के संयोजक अमित झा ने अतिथियों का स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोही गिरनार को फतह करेंगे - प्रेम कुमार



**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के दर्जनों पर्वतारोही गिरनार पर्वत पर पर्वतारोहण करेंगे । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि 31 जनवरी से 2 फरवरी 2025 तक जूनागढ़ , गुजरात मे गिरनार पर्वत पर देश भर से पर्वतारोही पर्वतारोहण करेगे । इसमे भाग लेने के लिए पर्वतारोही कृति के नेतृत्व में फाउंडेशन के दर्जनों पर्वतारोही भाग लेंगे । टीम में आदित्य कुमार, ऋतिक कुमार, रौशन कुमार गुप्ता,नितिन कुमार, विवेक कुमार,अभिषेक कुमार,अभिनंदन कुमार,गौतम कुमार शामिल है । टीम लीडर ओम केशव सिंह कृति ने बताया कि हम लोग सोमनाथ मंदिर एवं दयारिका मंदिर का भी दर्शन करेगे । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है । बिहार प्रतिभा की धनी प्रदेश है खिलाड़ियों को उचित अवसर मिले तो हर क्षेत्र में झंडा बुलंद कर सकता है ।

### यूनिसेफ की ओर से पटना पुस्तक मेला में बच्चे जैसी कथा कहानी पर चर्चा

**पटना।** गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेला के मुख्य मंच श्रीकृष्णापुरी के प्रथम सत्र में यूनिसेफ की सहायता से बच्चे जैसी कथा कहानी में कहानीकार डा विमलेंदु ने बच्चों को कहानियां लिखना सिखाया। बच्चों को कागज और कलम दिये गये। बच्चों ने कहानियां लिखी। ऐसी कहानियों में से श्रेष्ठ रचनाएं यूनिसेफ के सौजन्य से प्रकशित होगी जिसे दुनिया भर के बच्चे पढ़ सकेंगे। मुख्य मंच पर डा विमलेंदु ने डमरु बजाकर कहानियां लिखने की शुरूआत की। उन्होंने बच्चों को अरबियन नाईटस अलिफ लैला की कहानी सुनाई। एक शहजादा हर रोज शहजादी से शादी के बाद कहानियां सुनाने को कहता,जिसकी कहानी रातभर में खत्म हो जाती,उसे मार कर फिर शहजादा नयी शादी कर लेता। उसकी भेंट एक बार बहुत बुद्धि वाली शहजादी से हुई जिसकी कहानी रातभर में खत्म नहीं होता, शहजादा कहता कि इसके आगे अब कल सुनाना, ऐसी ही 1001 कहानियों का संग्रह है अरबियन नाईटस। अलीबाबा 40 चोर,सिंदबादी जहाजी, अलादीन और जिनी की भी कहानी सुनाई। इसके पूर्व पटना पुस्तक मेला के चेयरमैन रत्नेश्वर ने कैंसररोगियों की सेवा में लगी शालिनीप्रिया और बिल्डर अमित कु सिंह को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के प्रति संवेदनशील : जदयू

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद और प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने बिहार के सैनिकों और पूर्व सैनिकों के लिए सम्मान और पुनर्वास राशि में बढ़ोतरी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है और उनका आभार जताया है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद एक स्वतंत्रता सेनानी के बेटे हैं इसलिए वो देश की सुरक्षा में लगे एक सैनिक के बलिदान और उनके देश के प्रति कर्तव्य को बखूबी समझते हैं। शुरू से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के प्रति संवेदनशील रहे हैं और उनके कल्याण और पुनर्वास के लिए उनको मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार बिहार के सेवानिवृत सैनिकों के कल्याण एवं उनके रोजगार के लिए भी संकल्पित रही है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि साल 2005 में राज्य की सत्ता संभालने के बाद उन्होंने बड़े पैमाने पर सेना के रिटायर्ड जवानों को बिहार पुलिस में एक अलग बल सैप का गठन कर उन्हें रोजगार देने का काम किया। आज ह्यसैपह्ल में भर्ती होकर ये जवान राज्य की कानून व्यस्था को संभालने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### 13 दिसंबर को हीं होगी बीपीएएसी प्रीलिम्स परीक्षाः अध्यक्ष

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने 70वीं संयुक्त परीक्षा को लेकर स्टैंड क्लियर कर दिया है। आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने रविवार को स्पष्ट कहा है कि बीपीएससी 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। 13 दिसंबर को पीटी की परीक्षा होगी, जिसमें 4.80 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक ने इस संबंध पर पत्र जारी किया है, जिसमें कहा कि पीटी की परीक्षा निर्धारित है। इसमें कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा।रविवार को छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई से मुलाकात की। इस दौरान अभ्यर्थियों ने दो मांगें रखी। पहला फॉर्म भरने से वंचित रह गए छात्रों को मौका मिलना चाहिए, दूसरा प्रदर्शन के दौरान घायल छात्रों को राहत दी जाए।इस पर आयोग ने कहा कि पहले ही आवेदन फॉर्म भरने की डेट 15 दिन से अधिक बढ़ा दी गई थी। अभ्यर्थियों ने तर्क दिया था की अंतिम समय में सर्वर डाउन होने से 80 हजार के करीब छात्र फॉर्म नहीं भर पाए। आयोग ने क्लियर किया है कि अंतिम चार दिनों में 130000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभ्यर्थियों के तर्क को गलत बताया है। हीं, मुलाकात के बाद एक महिला अभ्यर्थी ने कहा था कि आयोग की ओर कुछ स्पष्ट नहीं है। आयोग का कहना है कि 80 हजार अभ्यर्थियों के कारण 4 लाख लोगों को परेशान नहीं कर सकते हैं। उसके बाद भी कहा जा रहा है कि पूरे मामले पर विचार करेंगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चला जागरूकता अभियान

**सुगौली।** 14 दिसम्बर को व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी मे लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर में पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय लोक अदालत तथा लोक अदालत से मिलने वाली लाभ अवगत कराया। स्वयंसेवक श्री गुप्ता ने कहा कि आगामी 14 दिसम्बर को व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है, आप सभी सुलह योग्य आपराधिक मामलों, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, राजस्व, दीवानी, मोटर वाहन दुर्घटना दावा, बैंक ऋण, वन संबंधित वाद, माप तौल संबंधित वाद एवं अन्य सभी प्रकार के सुलहनये वादों का निस्तारण, आपसी सहमती व सद्भाव से करा सकते है। उन्होंने कहा की जो लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने पुराने व लम्बित वाद का निस्तारण आपसी सहमति से कराना चाहते हैं, वे समय पूर्व, सिविल कोर्ट परिसर स्थित लोक अदालत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एवं न्यायालय के द्वारा लोगों की भलाई के लिये, समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता हैं। आप इससे लाभ उठायें एवं अपने पास पड़ोस के लोग व रिश्तेदारों को भी लाभ उठाने के लिए जागरूक करें। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना, पशुपालन से मिलने वाली लाभ तथा टेली लॉ योजना अंतर्गत मिलने वाली कानूनी सहायता, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधी योजना, मुख्यमंत्री बृद्धजन पेंशन योजना, बालिका साईकिल योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, पीएम आवास पीएम, विश्वकर्मा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## पारस एचएमआरआई अस्पताल में मेगा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पारस एचएमआरआई में रविवार, 8 दिसंबर को मेगा हेल्थ कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कैंप में 1030 लोगों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें पंजीकरण और परामर्श पूरी तरह निःशुल्क था। पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डाइरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि इस कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सांस रोग, हृदय रोग, न्यूरो रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, आंतरिक चिकित्सा, आहार विज्ञान और सामान्य सर्जरी जैसे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर निःशुल्क परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए रक्त जांच और अन्य अतिरिक्त जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी गई। कैंप में पीएफटी, ईसीजी, टीएमटी/इको जैसी सेवाओं का भी लाभ उठाने का मौका मिला। अनिल कुमार ने कहा कि पारस एचएमआरआई हमेशा से मरीजों की सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को प्राथमिकता देता है।

» 1030 लोगों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से लिया निःशुल्क परामर्श
» रक्त जांच और अन्य अतिरिक्त जांचों पर दी गयी 50 प्रतिशत की छूट

इस मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से हमने न केवल मरीजों को उनकी समस्याओं का समाधान प्रदान किया बल्कि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित भी किया। पारस एचएमआरआई आम जनता के लिए हमेशा फिक्र मंद रहता है। दोनों के बीच संबंध अटूट बना रहे है, इसके लिए इस तरह के आयोजन जरूरी होते हैं। हम आम जन की सेवा के लिए उपलब्ध हैं, यह मैसेज आमलोगों तक जाना चाहिए। आगे भी इस तरह के मुफ्त जांच शिविर आयोजित होते रहेंगे।

## हरिद्वार में बनेगा विश्व का पहला 51 शक्तिपीठ मंदिर

नई सोच एक्सप्रेस





**पटना।** विश्व का पहला एवं भारत में अद्वितीय 51 शक्तिपीठ तथा द्वादश ज्योतिर्लिंग का एक ही स्थान पर दर्शन पूजन का लाभ श्रद्धालुओं को मिलेगा ।यह मंदिर हरिद्वार में बनेगा। इस मंदिर के भूमि पूजन का काम हरिद्वार के श्यामपुर और कांगड़ी में शक्त अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रख्यात संत आचार्य ललितानंद जी महाराज तथा समाजसेवी और देवराज पवार के हाथों संपन्न हुआ ।भूमि पूजन के बाद इस मंदिर के आधारशिला रखी गई। शक्त अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पीठाधीश्वर श्यामा नंद जी महाराज ने यह जानकारी दी। स्वामी श्यामा नंद ने आचार्य ललितानंद के हवाले से बताया कि इस 51 शक्तिपीठ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग का प्रोजेक्ट 35 करोड रुपए का है। भगवती के 51 अंगों का देश के अलग-अलग राज्यों में मंदिर है जिन्हें शक्तिपीठ कहा जाता है। आचार्य ने बताया कि देवी के 51 अंगों का एक ही जगह पर 51 शक्ति पीठ संपूर्ण विश्व में कहीं नहीं है। इस प्रकार जिस ज्योतिर्लिंग की स्थापना संभावित है उसमें 12 ज्योतिर्लिंग का दर्शन एक साथ होगा। आचार्य ललिता ने बताया कि मंदिर का निर्माण पूरी तरह जन सहयोग एवं शक्त भक्तों के दान दक्षिणा से होना है। उन्होंने देशवासियों एवं शक्त भक्तों से अपील किया किया कि वे इस मंदिर के निर्माण में खुलकर सहयोग करें ।आचार्य ने बताया कि किसी प्रकार की दान /दक्षिण एवं जन सहयोग के लिए उनके मोबाइल नंबर 9654571989 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सिमरिक देवी खेल सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित हुईं खेल हस्तियां

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** श्रीराम खेल मैदान, सुल्तानपुर मठ (दानापुर) के ग्राउंड पर रविवार यानी 8 दिसंबर, 2024 को आयोजित भव्य सिमरिक देवी खेल सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह में बिहार का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ी, प्रशिक्षक, प्रेस प्रतिनिधि, समाजसेवी समेत अन्य को सम्मानित किया गया। सबों को पटना की उप मेयर रेशमी चंद्रवंशी, बिहार प्लेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, महिला विकास मंच की राष्ट्रीय संयोजिका वीणा माधवी, राजद नेता राजकिशोर ठाकुर, पूर्व क्रिकेटर सौरभ चक्रवर्ती, समाजसेवी नीरज कुमार ने पुरस्कृत व सम्मानित किया। सभी अतिथियों को सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने शॉल, बुके और स्मृति चिह्न समर्पित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक अजय अम्बष्ठ ने किया। कार्यक्रम सरदार पटेल फाउंडेशन के संस्थापक सचिव संतोष तिवारी की देखेरख में संपन्न हुआ। इस मौके पर बिहार प्लेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने इस कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस सम्मान और पुरस्कार से सम्मानित व पुरस्कृत होने वाले गणमान्य व्यक्तियों को आगे बढ़ने के लिए ऊर्जा मिलेगी और आगे वे सभी बिहार का नाम और ऊचाईयों पर पहुंचायेंगे। सम्मानित होने वाले दिग्गजों में खेल प्रोमोटर रौनित नारायण, सौरभ चक्रवर्ती, विजय शर्मा, सुमित शर्मा, मोहित श्रीवास्तव, रिमझिम सिंह, अतुल कुमार, चंदन कुमार, राज कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा खेल संघ प्रतिनिधि, प्रशिक्षकों व अन्य ममें कार्तिक कुमार मेहता, निखिल कुमार सिंह, रंजन कुमार गुप्ता, आनंद सिंह, अजीत सिंह, रोहित कुमार, श्रीमोद पाठक, धर्मवीर कुमार, अजय अम्बष्ठ, नीरज कुमार, अंकज कुमार, राजीव रंजन, राजू प्रसाद चंद्रवंशी, शिवशंकर प्रसाद शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न विश्विवद्यालयों के प्रतिनधियों रविशंकर, फैजान अहमद, मोहन सिंह, विकास बासु, राजेश कुमार द्विवेदी, जूडे साउथवेल के अलावा फीजियो गोविंद कुमार, श्वेता गुप्ता, बब्लू कुमार, नीरज कुमार, परि यादव, रुही कुमारी, पिच क्यूरेटर मंटू कुमार, शुभम कुमार, सलोनी प्रिया, सजीदा खान को सम्मानित किया गया। बिहार का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की कैटेगरी में सुगंधा कुमारी, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, निमिषा राजपूत, पूजा सिंह, किरण कुमारी, अंशु कुमारी, माही गुप्ता, अन्नू कुमारी, सोनू कुमार, ममता कुमारी, अगस्त्या, पुस्कर सिंह, दीपक कुमार को सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में अपनी लेखनी से खेल को आगे बढ़ाने वाले खेल पत्रकार आलोक सिंह, विकास पांडेय, धर्मनाथ, राहुल सिंह, पुस्कर, आलोक नवीन और आशीष कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उदीयमान खिलाड़ी कैटेगरी में ओम प्रकाश, दीपक कुमार, पुष्कर सिंह और विशाल कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पिछले दिनों आयोजित सिमरिक देवी क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## यूनिसेफ के सौजन्य से पटना पुस्तक मेला में बच्चे जैसी कथा कहानी




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेला के मुख्य मंच श्रीकृष्णापुरी के प्रथम सत्र में यूनिसेफ की सहायता से बच्चे जैसी कथा कहानी में कहानीकार डा विमलेंदु ने बच्चों को कहानियां लिखना सिखाया। बच्चों को कागज और कलम दिये गये। बच्चों ने कहानियां लिखी। ऐसी कहानियों में से श्रेष्ठ रचनाएं यूनिसेफ के सौजन्य से प्रकशित होगी जिसे दुनिया भर के बच्चे पढ़ सकेंगे। मुख्य मंच पर डा विमलेंदु ने डमरु बजाकर कहानियां लिखने की शुरुआत की। उन्होंने बच्चों को अरबियन नाईटस अलिफ लैला की कहानी सुनाई। एक शहजादा हर रोज शहजादी से शादी के बाद कहानियां सुनाने को कहता,जिसकी कहानी रातभर में खत्म हो जाती,उसे मार कर फिर शहजादा नयी शादी कर लेता। उसकी भेंट एक बार बहुत बुद्धि वाली शहजादी से हुई जिसकी कहानी रातभर में खत्म नहीं होता, शहजादा कहता कि इसके आगे अब कल सुनाना, ऐसी ही 1001 कहानियों का संग्रह है अरबियन नाईटस। अलीबाबा 40 चोर,सिंदबादी जहाजी, अलादीन और जिनी की भी कहानी सुनाई। इसके पूर्व पटना पुस्तक मेला के चेयरमैन रत्नेश्वर ने कैंसररोगियों की सेवा में लगी शालिनीप्रिया और बिल्डर अमित कु सिंह को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया।

## बिहार के सरकारी विद्यालयों की बदल रही है तस्वीरें : मृत्युंजय ठाकुर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों की तस्वीरें बदलने लगी है। वर्तमान समय में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे बेहतर प्रयोग से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विद्यालय में शत-प्रतिशत हो रही है। उक्त बातें मृत्युंजय ठाकुर (शिक्षक) नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खुटौना यादव टोला, पताही, पूर्वी चम्पारण-सह-प्रदेश मीडिया संयोजक, टीचर्स ऑफ बिहार ने कही है। उन्होनें ने कहा कि बच्चे विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की नवाचारी गतिविधि के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और इसमें मुख्य भूमिका विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों की है जो लगातार बिहार के सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक माहौल तैयार करने को लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसी नवाचारी गतिविधि को राज्य के सरकारी विद्यालय, शिक्षक एवं छात्रों तक पहुंचाने के लिए बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी " टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स " द्वारा विगत पांच वर्षो से लगातार काम किया जा रहा है जिसका असर अब राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में देखने को मिल रहा है। उन्होनें कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां बिहार के सरकारी विद्यालय के एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट शिक्षक बिहार के सरकारी विद्यालयों की दशा और दिशा बदलने के लिए बिना किसी सरकारी सहायता के निःस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। अभी हाल ही में टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद(एनसीईआरटी) ने भी की है और देश के सभी राज्यों में ऐसी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी (पीएलसी) लागू करने की बात की है। श्री ठाकुर ने कहा कि सरकारी विद्यालय में शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक माहौल तैयार करने को लेकर बिहार के शिक्षकों के लिए टीचर्स ऑफ बिहार एक बेहतर मंच प्रदान करता हैं जहां बिहार ही नही बल्कि अन्य राज्यों से भी लाखों शिक्षक जुड़कर प्रतिदिन अपने विद्यालय में कराये जा रहे नवाचार, गतिविधि व अन्य शैक्षणिक कार्य साझा करते हैं जिसे देखकर अन्य शिक्षक भी प्रेरित होकर अपने विद्यालय में इसे लागू करते हैं।

» हमारे विद्यालय बदल रहे हैं।
» हमारा बिहार बदल रहा है।।

## स्वयंसेवी संस्थाओं ने सड़क पर जानलेवा रोड ब्रेकर से हो रहे मौत पर आक्रोश व्यक्त किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्य सड़क से लगने वाली सम्पर्क पथ पर जानलेवा रोड ब्रेकर के कारण आए दिन लगातार दुर्घटनाएं होती रहती है जिससे आम लोग असमय काल कलवित हो जाते हैं। मुख्य रूप से दैनिक मजदूर, कामकाजी महिलाएं, स्कूल और कॉलेजों से लौट बच्चे ज्यादातर इसके शिकार होते हैं। किसी की लापरवाही से किसी का घर उजर जाता है कोई अपनी माता खोता है तो कोई अपना पिता, कोई अपना बेटा खोता है तो कोई अपनी बेटी। इस प्रकार की घटनाएं से हर दिन किसी न किसी गांव मोहल्ले टोले से चित्कार की आवाज होते रहती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि अलग-अलग सड़कों पर बेवजह बनाए गए जानलेवा रोड ब्रेकर से जिला वासियों को मुक्त कराने का प्रयास करें। संबंधित विभाग से निवेदन है कि जिस भी सड़क पर लोगों के द्वारा विभाग के बिना अनुमति का जानलेवा रोड ब्रेकर बनाया जाता है उस पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का काम करें। ताकि इस प्रकार की घटना कि पुनरावृत्ति न हो। शुक्रवार को मटिहानी रोड में जानलेवा रोड ब्रेकर के कारण हुई महिला की मौत पर स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रमोद कुमार झा, डॉ मनोज कुमार, रणवीर, रौशन, अंजलि, रविन्द्र मनोहर, निरंजन सिंहा,आभा सिंह, अतहर इकबाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

» हर रोज जानलेवा रोड ब्रेकर के कारण हो रही है सड़क दुर्घटनाएं

## दानापुर मंडल के प्रेम कार्यालय में एसोसिएशन के समस्त सदस्यों ने मिलकर महा परिनिर्वाण दिवस मनाया

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल।** डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर दानापुर मंडल के प्रेम कार्यालय में एसोसिएशन के समस्त सदस्यों ने मिलकर महा परिनिर्वाण दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री महेश कुमार भारती जी (AOM/DNR) शामिल हुए और उन्होंने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में योगदान और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो की जानकारी दिये। मंडल अध्यक्ष बशिष्ट कुमार ने कहा कि बाबासाहब ने रक्तहीन क्रांति के माध्यम से जो सामाजिक बदलाव पैदा किया तथा करोड़ो दीनहीन का मानवीय जीवन से साक्षात्कार कराया, उसकी मिशाल दुनियाँ में कही अन्यत्र नही मिलती है। वाकई युगपुरुष थे बी आर अम्बेदकर। संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि बाबा साहब ने दो समाज को जोड़ने मे पुलिया का कार्य किये। इस अवसर पर सभी लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित किया।और उनके सामाजिक कार्यों को याद किया। उनके जीवन और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ओबीसी रेलवे कर्मचारी दानापुर मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार,मंडल सचिव श्री रवींद्र कुमार, ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन दानापुर मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री वशिष्ठ कुमार,मंडल सचिव श्री संतोष कुमार चौधरी,मंडल कोषाध्यक्ष श्री जय कुमार,दानापुर शाखा सचिव श्री दीपक कुमार,शाखा कोषाध्यक्ष श्री पी.मधुकर, श्री भृगुनाथ , आइ ओ डब्लु श्री महेंद्र कुमार रजक,मोहम्मद तनवीर हक,श्री सतीश चौधरी, चिंतरंजन जी चन्द्रराजन प्रसाद सुबोध चौधरी लोको पायलट संतोष कुमार श्रीमति फूल श्री,श्रीमति रेशमा भारती और अन्य सम्मानित सदस्य गण की उपस्थित रही।



"हमें भी पढ़ाओ" के गरीब बच्चों के माता -पिता को कम्बल वितरण करते हुए आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### टूर्नामेंट मैच करने के लिए कर हुई बैठक

**सुगौली।** प्रखंड के फुलवरिया पंचायत के आदर्श उच्च विद्यालय के मैदान में शहीद विकास झा मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट कराने को लेकर बैठक की गई।जिसमें टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए एक कमिटी के गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजेंद्र मिश्र,उपाध्यक्ष साजन मिश्र,सचिव पुंजप्रकाश झा,उपसचिव भोलू श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष शशि रंजन झा,टीम मैनेजर बिक्कू श्रीवास्तव,व्यवस्थापक रमन मिश्र,संजीत कुशवाहा,अमित कुमार,जयंत सिंह,चंदन मिश्र,विवेक मिश्र,सुमित मिश्र,अभय मिश्र,मृत्युंजय सिंह,कॉमेंटेटर विश्वजीत झा,एम्पायर अंशुमान झा,विजय कुशवाहा को चुना गया।अध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि 15 दिसंबर से टूर्नामेंट का शुभारंभ होगी और 22 दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा।टूर्नामेंट में आठ टीम रहेगी।टूर्नामेंट में खेलने के लिए कोई इंट्री फी नही लगेगा।आदर्श उच्च विद्यालय के मैदान में सभी मैच खेला जाएगा। इसमें सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहेगा।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली पर यथाशीघ्र लगे रोक : एआईएसएफ

**» पुलिस की लाठी-डंडे व फर्जी मुकदमें दर्ज कर छात्र-युवाओं की आवाजों को दबा देना चाहती है सरकार:राहुल यादव**

**छपरा।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सारण जिला की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संगठन के राज्य नेता राहुल कुमार यादव ने बीपीएससी में नॉर्मलाइजेशन व लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली और सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्र-युवाओं पर लाठीचार्ज, मुकदमे दर्ज कर, गिरफ्तार किये जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। छात्र नेता राहुल यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण लगातार आम गरीब छात्रों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश चल रही है। इन गड़बड़ियों के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध,धरना -प्रदर्शन करने वाले शिक्षक खान सर, गुरू रहमान सर और छात्र नेता दिलीप कुमार सहित अन्य छात्र युवाओं, छात्र नेताओं, शिक्षकों के ऊपर लाठीचार्ज कर झूठे मुकदमें दर्द कर उन्हें जेल में डालकर प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार छात्र-युवाओं की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर झूठे मुकदमें वापस कर, उन्हें जेल से रिहा नहीं करती है तो आगे आने वाले दिनों में सारण सहित, पूरे बिहार के छात्र और युवा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की रणनीतिक बैठक संपन्न

**पटना।** दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की रणनीतिक बैठक संपन्न हुई।बैठक में दिल्ली और बिहार के विधानसभा चुनाव को लेकर बात हुई। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश के अध्यक्ष प्रिंस राज, पार्टी महासचिव,एल्विस जोसेफ, सचिव मनीष कुमार लाभ, संगठन सचिव सुधांशु कुमार रहे मौजूद। महासचिव एल्विस जोसेफ ने बिहार विधान सभा चुनाव में पार्टी की रणनीति बहुत महत्वपूर्ण है। सुधांशु कुमार ने कहा कि पार्टी बिहार बेस है और बिहार में पार्टी मजबूत होना चाहिए।

### उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रोहिया के प्रधानाध्यापक छात्रों के साथ भोजन कर अपने आदर्श का दिया परिचय





**कटिहार।** जिले के आजमनगर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रोहिया के प्रधानाध्यापक सुभाष राय जमीन पर बैठकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ भोजन कर अपने आदर्श का परिचय दिया है। जो आसपास के विद्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधानाध्यापक सुभाष राय कुशल व्यवहार के व्यक्ति रहने के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के साथ पारिवारिक सदस्य की तरह अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हैं। इन्होंने पीएम पोषण योजना के तहत विद्यालय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा जाता है। प्रधानाध्यापक सुभाष राय प्रतिदिन बच्चों को भोजन परोसने के पश्चात कभी किसी बच्चे के साथ बैठकर भोजन को चख लेते हैं, ताकि बच्चे को भरोसा गया भजन की गुणवत्ता कैसी है ? इसकी जांच हुए स्वयं करते हैं। प्रधानाध्यापक ने भोजन बच्चे के थाली में बैठकर करते हैं। प्रधानाध्यापक सुभाष राय ने बताया कि विद्यालय में 870 बच्चे का नामांकन पंजी में दर्ज है। 75% छात्राएं नियमित रूप से विद्यालय आते हैं और अनुशासित रहकर विद्यालय के नियमों का पालन करते हैं। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं समय पर विद्यालय पहुंचकर विद्यालय नियम का पालन करते हैं। प्रधानाध्यापक सुभाष राय बताते है कि प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत वर्ग 1 से 8 तक के 502 छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण भोजन मीनू के अनुसार दिया जाता है। जिसके कारण बच्चे काफी खुशहाल मुद्रा में विद्यालय आते हैं। और पठन-पाठन करते हैं। सभी छात्राएं स्कूल ड्रेस में विद्यालय आते हैं। प्रधानाध्यापक सुभाष राय ने बताया कि विद्यालय लगभग 1 एकड़ जमीन पर अवस्थित है।विद्यालय में 14 कमरे हैं। जिसमें पांच कैमरा जर्जर हो चुका है। विद्यालय में शौचालय 2,कॉमन रूम एक, बाला पेंटिंग कैमरा दो, चापाकल दो,रसोईया 9, हाउस कीपर एक, रात्रि प्रहरी एक,सभी कमरे में बिजली पंखा एवं लाइट की व्यवस्था की गई है।जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में किसी भी तरह का परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखा जाता है।

## अखंड ज्योति ने नेत्र देखभाल में क्रांति लाने के लिए विजन 2030 किया लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** छपरा के मस्तीचक में आयोजित के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने गायत्री परिवार के दूरदर्शी संस्थापक को सम्मानित करने के लिए पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की 50 फीट ऊंची प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया गया। बिहार में आयोजित इस कार्यक्रम में आचार्य जी के निस्वार्थ सेवा के दर्शन का जश्न भी मनाया गया और विज़न 2030 लॉन्च किया गया, जो क्षेत्र में नेत्र देखभाल में बदलाव के लिए एक व्यापक पहल है। इस साहसिक दृष्टिकोण का उद्देश्य सर्जिकल क्षमता को चौगुना करना, ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और वंचित समुदायों के लिए नवाचार को बढ़ावा देकर बिहार की नेत्र देखभाल सेवाओं में अंतर को कम करना है। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि नंदकिशोर यादव, अनूप जलोटा, शेफाली पांड्या एवं अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा द्वारा एंथम सॉन्ग व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विपिन मिश्रा के द्वारा शंखनाद की प्रस्तुति दी गई।

**» पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का हुआ अनावरण**

**विज़न 2030**-बिहार और कम आय वाले क्षेत्रों में नेत्र देखभाल और सशक्तिकरण में परिवर्तन सभी के लिए सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल सुनिश्चित करने के मिशन के साथ, विजन 2030 बिहार में नेत्र देखभाल में बदलाव के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करना है। 2030 तक सर्जिकल आउटपुट को 1,00,000 से 4,00,000 वार्षिक सर्जरी तक चौगुना करना। इस प्रयास का उद्देश्य राज्य की नेत्र सर्जरी दर को राष्ट्रीय औसत के करीब लाना है, यह सुनिश्चित करना कि अधिक लोगों को उच्च गुणवत्ता वाला उपचार प्राप्त हो। अगले छह वर्षों में 12 मिलियन व्यक्तियों की जांच की जाएगी और 2 मिलियन दृष्टि-बहाली सर्जरी की जाएगी। 1,500 वंचित ग्रामीण लड़कियों को पेशेवर ऑप्टोमेट्रिस्ट के रूप में प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करना, कार्यबल की कमी को दूर करना और समुदायों को सशक्त बनाना सालाना 50 शोध पत्रों या परियोजनाओं के साथ नवाचार को बढ़ावा देना, ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल के लिए डेटा-संचालित, अनुकरणीय देखभाल मॉडल बनाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि बचपन में जब दीवाल पर यह लिखा होता था हम सुधरे जग सुधरा तो उसका अर्थ उस समय समझ में नहीं आता था लेकिन जब कॉलेज काल और आरएसएस से जुड़ा तो समझ में आया की किस तरीके से गायत्री परिवार इसको परिभाषित करती है। साथ ही नेत्रदान को लेकर उन्होंने कहां की परिवार की मंजूरी से मैंने भी नेत्रदान करने का फैसला किया है। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए अखंड ज्योति अस्पताल के तमाम लोगों को शुभकामनाएं दी और कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इनके द्वारा अद्भुत एवं अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के संस्थापक और कार्यकारी सदस्य मृत्युंजय कुमार तिवारी ने कहा, "विजन 2030 बिहार में परिहार्य अंधेपन को खत्म करने का एक प्रयास है।" "यह व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाते हुए स्वास्थ्य सेवा में बदलाव के बारे में है। उन्होंने कहा कि सेवा की एक विरासत पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की शिक्षाओं ने पंडित रमेश चंद्र शुक्ला को प्रेरित किया, जिन्हें शुक्ला बाबा के नाम से जाना जाता है, जिन्होंने हमको सलाह दी। शुक्ला बाबा के मार्गदर्शन में, अखंड ज्योति नेत्र अस्पताल 2005 में एक मंदिर परिसर में 10-बेड की सुविधा के रूप में शुरू हुआ। आज, यह एक अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र बन गया है, जो 5 मिलियन से अधिक लोगों की जांच कर रहा है और उन्हें दृष्टि बहाल कर रहा है। आज तक 1 मिलियन से अधिक व्यक्ति इस से जुड़े हुए है।



लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## विकास वैभव और अपना बिहार

**सुखद एहसास लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़ रहें बौद्धिक**

नई सोच एक्सप्रेस



यह संदेश ही सुखद अनुभूति दे रहा है। बात जब सपने को साकार करने की हो तो हौसला में वृद्धि हो ही जाता है। अपने बिहार के लिए क्या करना है ? और, कैसे करना है? यह बात अब तीन साल पुरानी हो चुकी है। 22 मार्च 2021 को जब लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का संदेश आईपीएस विकास वैभव द्वारा दिया गया तो, लोगों ने इस सामाजिक संदेश को राजनीति के काले चश्मे से देखना आरंभ कर दिया। हज़ारों लोगों को अपनी लेखनी के माध्यम से लगातार लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के विषय में जानकारी मैंने दी। यह सच्चाई है कि अभियान का उद्देश्य एक दम पवित्र है। इसीलिए, मेरे कई पत्रकार मित्र सहजता से इस अभियान से जुड़ने का आग्रह मुझ से किए। दुसरी तरफ बहुत सारे पत्रकार मित्रों को अभियान से जुड़ने के लिए आमंत्रित मैंने स्वयं किया। इनके जुड़ते ही अभियान की गति में वृद्धि हो गई। जब बात अपने बिहार की हो रही हैं। और, बिहारीपन को छोटा साबित करने वाले अन्य राज्यों के लोगों का कसक सब को कचोट भी रहा है। तब, पढ़े लिखे लोगों को अभियान से जोड़ने का लगातार प्रयास मैंने किया। इधर, अपने अवकाश के दिनों में दो सालों तक आईपीएस विकास वैभव स्कूलों और कॉलेजों में जाकर लगातार युवा संवाद करते रहें। बाधाएं आती गई और उन बाधाओं को ठेल कर पूर्ण निष्ठा से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के सदस्य आगे बढ़ते रहें। स्वैच्छा से श्रमदान का आह्वान किया गया। और, परिणाम बेहद सुखद आया। युवाओं ने पुस्तक मेला, स्वास्थ शिविर, गरीबों और जरूरत मंद को कम्बल वितरित करने में अभूतपूर्व योगदान दिया। खासतौर से, महिलाओं और बहनों ने गार्गी पाठशाला लगातार चलाकर लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान में सकारात्मक भूमिका निभाई। इन तमाम युवाओं के आत्मबल को बढ़ाने का नेक कार्य कलम के माध्यम से पत्रकार मित्र सहजता से करते रहें। और, बहुत पैनी निगाह से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के हर पहलुओं की ख़बर को देखते रहें। कुछ दुर्जनों ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की राह में नुकीले पत्थरों को बिछाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पर, बौद्धिक मित्रों ने कुशलता से लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की यात्रा को सुगम बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। बिहार के बाहर जाने पर जिस प्रकार अन्य राज्यों में बिहारियों पर तंज कसा जाता है। वो, तकलीफ देने वाला होता है। पर, यह संतोष रहता है कि यह तकलीफ गैर लोग दे रहे हैं। और, अपनो के द्वारा पहुंचाएं गए तकलीफ के मुकाबले गैरों से तकलीफ कम होती है। बिहार में लघुवादों की जड़े इतनी मजबूती से पकड़ बना रखी है कि इसका अनुभव दिल को दर्द ही पहुंचाता है। हर गली चौराहे पर लोग लघुवादों के प्रभाव से उत्पन्न बिमारियों से पीड़ित नज़र आते हैं। इन तमाम जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए आईपीएस विकास वैभव ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान चलाया। लघुवादों के नाम पर बिहार के युवा अपने मूल मकसद को भुलाकर, विभिन्न दिशाओं में भटक रहे हैं। इन भटके हुए राहियों को एक दिशा में रखने हेतु संकल्पित आईपीएस विकास वैभव लगातार युवा संवाद करते आएं है। युवाओं को बिहार और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। इस नेक कार्य में पत्रकार मित्रों का सहयोग मिलता रहा हैं। जब लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान का संदेश आईपीएस विकास वैभव जी ने दिया था तब, यात्रा में शामिल चंद लोग ही साथ खड़े थें। आज लाखों लोग उनके साथ इस पवित्र यात्रा में शामिल हैं। और, हज़ारों कलम बिहार के उज्जवल भविष्य लिखने के लिए आतुर हैं। यह एक सुखद एहसास है कि लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से बौद्धिक लोग जुड़ने लगे हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## रास्ता विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को मारी गोली



नई सोच एक्सप्रेस

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विषैणी गांव में रास्ता विवाद को लेकर रविवार की सुबह उक्त गांव रण क्षेत्र में तबलील हो गया।इसी बीच दो भाई के बीच गोलीबारी की घटना घट गई।बड़े भाई ने छोटे भाई सतेंद्र यादव को सर में गोली मार दिया।जिससे वह घायल हो गया।इसके बाद गांव वालों ने घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया।। जहां के डॉक्टर ने इलाज करने के बाद रेफर कर दिया।इधर घायल के परिजनों ने बताया की योगेंद्र यादव ने जान मरने के नियत से गोली चलाया हैं।इधर घटना के सूचना पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने कहा की घटना घटी हैं,लेकिन अभी तक कोई लिखित बयान नहीं मिल सका है।फिर भी पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही हैं।घटना में जो भी लोग शामिल होंगे उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नही जायेगा

## रिविलगंज - विशुनपुरा बाईपास सड़क निर्माण हेतु हुई जन सुनवाई




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** रिविलगंज, इनई विशुनपुरा बाईपास सड़क निर्माण हेतु चार गांव सेमरिया नेवाजी टोला, जैल शहर, छोटा तेलपा के रैयत के साथ जन सुनवाई रिविलगंज नगर पंचायत सभागार में ग्रामीणों के साथ सुझाव लिया गया। ज्ञात हो कि सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के द्वारा रिविलगंज, इनई -विशुनपुरा बाईपास सड़क 21 किलोमीटर स्वीकृति कराया गया है। रिविलगंज के कार्यकर्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान, नंदू सिंह, कौशल निगम, रविन्द्र आदि लोगों द्वारा रिविलगंज जाम की समस्या को लेकर सारण सांसद को जानकारी दिया गया था। सांसद ने संज्ञान लेते हुए इस बाइपास सड़क का जनहित में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से स्वीकृत कराया। बताया जाता है कि इस सड़क से रिविलगंज, मांझी, बलिया, रघुनाथपुर आदि की जनता को काफी सुविधा होगी।

## अपराध रोकना पुलिस का नहीं सरकार का काम है

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** अपराध सरकार की जिम्मेवारी है। पुलिस का काम है सरकार के आदेश को पालन करना। सरकार का काम है की अपराध में इस्तेमाल होने वाले हथियारों को बरामद करवाना तथा हथियार निर्माण स्थल का उद्वेदन करवाना एवं कारतूस उपलब्ध करने वालों को उद्वेदन करवाना। अपराध करने के बाद हथियार लेकर अपराधी फरार हो जाता है। अपराधी को पुलिस गिरफ्तार कर लेती है परंतु हथियार बरामद करने का प्रयास नहीं करती मतलब बाद में अपराध करने के लिए हथियार छोड़ देती है। बताया जाता है कि उसी हथियार से बराबर अपराध होती है। पुलिस यदि बगैर सरकार के आदेश के हथियार को बरामद एवं निर्माण स्थल का उद्वेदन करती है तो कई तरह के मुसीबत आ सकती है। यदि सरकार आदेश देती है कि अपराध में इस्तेमाल होने वाला हथियार बरामद करना होगा तथा कारतूस आपूर्तिकर्ता का उद्वेदन भी करना होगा। इस आदेश के बाद पूरे देश में एक नया इतिहास की शुरुआत होगी तथा अपराध में 90 से 95% अपराध में कमी आ सकती है। एक ही आदेश से अपराध हथियार से नहीं बल्कि लाठी डंडे और इंट, पत्थर की रह जाएगी। कभी-कभी अपराधी हथियार सहित गिरफ्तार हो जाती है परंतु बाद में हथियार बरामद करने का प्रयास नहीं करती है।



आरा : वारदात को अंजाम देने से पहले ...

**» अपराध में इस्तेमाल होने वाले हथियार को बरामद करने के लिए सरकार क्यों नहीं देती है आदेश**

## एनीमिया से निदान पर कार्यशाला का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** जिले के प्रगति आदर्श सेवा केंद्र दूधपुरा समस्तीपुर के सभागार में देश के स्तर पर एनीमिया से निदान विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । एन जी ओ संघ बिहार के सचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र से आए द सहायक ट्रस्ट के प्रमोद शिंदे ने कहा एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण के लिए हमारी संस्था पूरे देश में कार्य करती है आप सभी सामाजिक संगठनों से सहयोग के लिए महाराष्ट्र से बिहार आया हूं । कार्यशाला में जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र के सुरेंद्र कुमार आशा सेवा संस्थान के अमित कुमार वर्मा बाबा साहब अंबेडकर कल्याण संस्थान के दिलीप कुमार ज्ञान विज्ञान समिति के मुकेश कुमार सिंह ज्ञान विज्ञान समिति मधुबनी के दीपक कुमार चौधरी चेतना सामाजिक संगठन के अध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार वैशाली समाज कल्याण संस्थान के राजमणि रंजन जन विकास सेवा संस्थान के विजेता झा प्रिया विकास किरण के करण पांडे आदर्श मिथिला के अजय कुमार सिंह सेंटर फॉर सोसायटी के विनोद कुमार राष्ट्रीय मानव अधिकार ट्रस्ट मधुबनी के रामबाबू राम राष्ट्रीय मानव अधिकार के संरक्षक संजय पासवान समसी युवा विकास मंच मधुबनी के मोहम्मद हशीब स्वर्णिम सेवा संस्थान के सुधीर कुमार दूर देहात के प्रभु नारायण झा ओसेफ़ा के देव कुमार रंजू कुमारी स्मृति कुमारी कौशल कुमार आदि बिहार के कई संस्थाओं के पदाधिकारीयो ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र की दीप्ति कुमारी ने किया। महाराष्ट्र से आए प्रमोद शिंदे को पाग और चादर से सम्मानित भी किया गया कार्यशाला में भाग ले रहे हैं सभी सामाजिक संगठन के पदाधिकारीयो को वीणा कुमारी द्वारा प्रकाशित पुस्तक कलयुग का भीष्म प्रदान किया गया।

## किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने गया में किया अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

**गया।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने ज्वेलरी क्षेत्र में सफलता का आगाज करते हुए गया के स्वराजपुरी रोड स्थित अपने नए शोरूम का शानदार शुभारंभ किया जो पूरे देश में 59वां शोरूम है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का गया स्थित यह बिहार का पांचवा शोरूम है। इस शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, विशिष्ट अतिथि हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, निदेशक पराग शाह एवं गया के फ्रैंचाइज़ पार्टनर नीलेश कुमार व अभय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री



जीतन राम मांझी ने कहा कि किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के नए शोरूम के उद्घाटन के लिए आज यहां उपस्थित होकर मुझे खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि ग्राहक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे, साथ ही वे इन नए शोरूम पर खरीदारी का शानदार अनुभव लेंगे और कंपनी द्वारा पेश किए गए आभूषण संग्रह की विविध रेंज का आनंद उठाएंगे। शोरूम के भव्य उद्घाटन समारोह के अवसर पर ग्राहकों के लिये किसना द्वारा डायमंड ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज की छूट दी जा रही है वहीं गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत तक की भारी छूट मिल रही है। ग्राहकों के उत्साह को और बढ़ाते हुए किसना ने अबकी बार ग्राहकों के लिए शॉप एंड विन ए कार जैसे आकर्षक कैंपेन ऑफर लाएं हैं जिसमें 100 से अधिक कारों में से जीतने का मौका दिया गया है। ग्राहक 20 हजार या इससे अधिक कीमत वाले डायमंड, प्लेटिनम या सॉलिटेयर ज्वेलरी या 50 हजार या इससे अधिक कीमत वाले गोल्ड ज्वेलरी खरीदकर इसमें भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि गया हमारी सफलता के सफर में एक खास स्थान रखता है। यह नया शोरूम बिहार के उपभोक्ताओं को बेजोड़ आभूषण और अनोखा अनुभव प्रदान करने के प्रति हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह विस्तार, हर घर किसना के हमारे विजन के अनुरूप किया गया है जहां हमारा उद्देश्य डायमंड ज्वेलरी के लिये हर महिला के सपने को साकार करते हुए भारत का तेजी से बढ़ता ज्वेलरी ब्रांड बनना है। इस मौके पर किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के निदेशक पराग शाह ने कहा कि शादी और त्योहारों के इस सीजन में हमें अपना पांचवां शोरूम लांच करते हुए बेहद खुशी हो रही। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अपने महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को उत्तम आभूषण संकलन के जरिये खुशी प्रदान करना है। वहीं किसना के फ्रैंचाइज़ पार्टनर नीलेश कुमार एवं अभय कुमार ने उत्साहित होकर कहा कि किसना के साथ साझेदारी हमारे लिये गर्व का अनुभव रहा है। किसना का त्योहार के लिये आभूषण संग्रह, त्योहार की चमक को और भी बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। हमें इस शुभ अवसर पर स्थानीय लोगों के लिये इस खूबसूरत पेशकश को पेश करने की खुशी है। गौरतलब है कि समाज के लिये ब्रांड की अपनी प्रतिबद्धता के तहत उद्घाटन कार्यक्रम में पर्यावरण की सुरक्षा के लिये वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही किसना द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन का भी वितरण किया गया।

संक्षिप्त समाचार

## बिहार बिज़नेस कनेक्ट 2024: दिल्ली में आयोजित एंबेसडर्स मीट में कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**पटना।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा आगामी 9 दिसंबर को नई दिल्ली में "बिहार बिज़नेस कनेक्ट 2024 - एंबेसडर्स मीट" का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री-सह- वित्त मंत्री श्री सम्राट चौधरी होंगे। इसके अलावा, माननीय उद्योग-सह-पर्यटन मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, मुख्य सचिव बिहार श्री अमृत लाल मीणा एवं उद्योग विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयषी सहित राज्य के अन्य विभागों जैसे IT, लेबर, आदि के सचिव और पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल अधिकारी बिहार में ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने वाली विभाग केंद्रित विभिन्न पहलों और नीतियों की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई देशों के एंबेसी को न्योता भेजा गया है, जिनके एंबेसडर्स व अन्य उच्च पदाधिकारियों के उपस्थिति की संभावना है। इनमें अमेरिका, रूस, जापान और यूएई जैसे प्रमुख देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में प्रमुख ट्रेड संस्थाओं जैसे इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स, TPCI, FIEO, AEPC, यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल, और यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान, उद्योग विभाग द्वारा बिहार में हाल के वर्षों में लागू की गई प्रमुख पहलों, नई नीतियों, और निवेश के अनुकूल माहौल पर विस्तृत प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिनिधियों को राज्य में निवेश के अवसरों और औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया जाएगा। यह कार्यक्रम 19-20 दिसंबर 2024 को पटना में आयोजित होने वाले "बिहार बिज़नेस कनेक्ट 2024 – ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## अक्षय ऊर्जा माइक्रोग्रिड के टिकाऊ ऊर्जा समाधान से ग्रामीण भारत बन रहे सशक्त

» सौर ऊर्जा सेवा के उपयोग से डीजल इंजनों पर निर्भरता हुई कम



**वैशाली।** भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी टाटा पावर (टीपीसी) की सौ प्रतिशत सहायक कंपनी टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड (टीपीआरएमजी) अपने अभिनव सौर माइक्रोग्रिड समाधानों के साथ भारत में ग्रामीण विद्युतीकरण को बदलने के लिए निरंतर काम कर रही है। भारत के ग्रामीण क्षेत्र लंबे समय से अविश्वसनीय बिजली से जूझ रहे हैं जिससे व्यवसायों, स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा के अवसर सीमित हो रहे हैं। टाटा पावर के सौर माइक्रोग्रिड किफायती, टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करके इसे बदल रहे हैं। पारंपरिक ग्रिडों के विपरीत ये माइक्रोग्रिड स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, विश्वसनीय बिजली देने के लिए स्थानीय सौर ऊर्जा का उपयोग करते हैं। टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड के सीईओ मनोज गुप्ता ने बताया कि स्वच्छ, विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करके हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आर्थिक विकास के अवसरों को खोल रहे हैं जिससे यह सुनिश्चित हो रहा है कि ग्रामीण भारत स्थायी रूप से फल-फूल रहा है। स्थानीय स्वामित्व और भागीदारी को बढ़ावा देकर यह पहल निरंतर आर्थिक विकास और सामाजिक विकास को बढ़ावा देती है। वहीं वुड सॉ मिल के संचालक अजीत कुमार ने कहा कि जब से मैंने टीपी रिन्यूएबल्स माइक्रोग्रिड से सौर ऊर्जा सेवा का उपयोग करना शुरू किया है तब से डीजल इंजनों पर मेरी निर्भरता काफी कम हो गई है जिससे मेरे रखरखाव की लागत में भारी कमी आई है। मैं पिछले ढाई साल से इस सेवा का लाभ उठा रहा हूँ और उसने वास्तव में मेरे व्यवसाय संचालन को बदल दिया है। जबकि स्पाइस मिल के संचालक रंजीत कुमार रे ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और समुदाय-संचालित समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड न केवल घरों को रोशन कर रहा है बल्कि ग्रामीण भारत में एक स्थायी और आत्मनिर्भर भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

## शेखपुरा से भागी तीन सहेली को पटना जंक्शन से पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शेखपुरा।** जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र से फरार तीन सहेलियों को पुलिस ने पटना जंक्शन से बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, तीनों सहेलियां धनतेरा के दिन बिना किसी सूचना के घर से बाजार जाने के लिए निकलीं थीं, लेकिन काफी समय तक घर वापस नहीं लौटीं। इससे चिंतित उनके परिजनों ने 24 नवंबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी और तीनों की तलाश में जुट गई।पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि तीनों सहेलियां पटना जंक्शन पर हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम पटना जंक्शन पहुंची और जंक्शन पर तलाशी शुरू की। कुछ समय बाद, पुलिस ने तीनों सहेलियों को बरामद किया और उन्हें हिरासत में लिया। बरामद होने के बाद, पुलिस ने उनसे पूछताछ की। सहेलियों ने बताया कि वे घर से भागकर पटना घूमने के लिए गई थीं और उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय उन्होंने अपनी इच्छा से लिया था और किसी के दबाव में नहीं आई थीं।पुलिस ने तीनों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया और इस मामले में चेतावनी दी कि घर से बिना सूचना के भागने से न केवल परिवार में चिंता और तनाव पैदा होता है, बल्कि समाज में भी गलत संदेश जाता है। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में बच्चों और किशोरों को सही दिशा-निर्देश देने के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी जागरूक करना जरूरी है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना किसी सूचना के घर से भागने के परिणामस्वरूप परिवार और समाज में कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, और

# एनएसडीसी इंटरनेशनल और सोम्पो केयर ने भारत में केयरगिवर ट्रेनिंग को बढ़ाने के लिए साझेदारी की

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** एनएसडीसी इंटरनेशनल और सोम्पो केयर इंक ने भारत में क्वालिटी केयरगिवर्स के लिए एक स्थायी ट्रेनिंग देने और अंतरराष्ट्रीय अवसरों की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एक साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, एनएसडीसी इंटरनेशनल ग्रेटर नोएडा ट्रेनिंग सेन्टर में एक अत्याधुनिक ट्रेनिंग लैब स्थापित की गई है। इस लैब को प्रैक्टिकल केयरगिवर्स स्किल और जापानी भाषा के एजुकेशल प्रोग्राम्स को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सुविधा ट्रेनीज़ को जापानी भाषा में प्रवीणता और केयरगिवर्स स्किल दोनों में एक ठोस आधार बनाने में सक्षम बनाएगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि वे केयर ऑपरेशन की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। इस पहल के माध्यम से, एनएसडीसीआई और सोम्पो केयर का लक्ष्य भारतीय केयरगिवर्स को ग्लोबल हेल्थकेयर लैंडस्केप में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक टूल्स से लैस करना है, विशेष रूप से जापान में, जहाँ कुशल प्रोफेशनल्स की अत्यधिक आवश्यकता है। लैब के उद्घाटन के अवसर पर, एनएसडीसी के सीओओ (ऑफिशिएटिंग सीईओ) और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने कहा, "हम सोम्पो केयर इंक के साथ अपनी साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। यह साझेदारी एनएसडीसी इंटरनेशनल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह साझेदारी हमें भारतीय नर्सिंग केयर कर्मियों के लिए विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रदान करने, उनके कौशल को बढ़ाने और उन्हें जापान के हेल्थकेयर सिस्टम में मूल्यवान अवसरों के लिए तैयार करने में सक्षम बनाएगी। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य जापान में कुशल नर्सिंग प्रोफेशनल्स की बढ़ती मांग को पूरा करना है। इसके साथ ही हेल्थकेयर सेक्टर में हमें भारत और जापान के बीच संबंधों को मजबूत करना है। इस पहल के माध्यम से, हम स्वास्थ्य सेवाओं में गैप को समाप्त करने और योग्य केयरगिवर्स की वैश्विक आवश्यकता का सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" एनएसडीसीआई और सोम्पो केयर के बीच चर्चा नवंबर 2023 में शुरू हुई, जिसके परिणामस्वरूप जुलाई 2024 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी में जापान में सोम्पो केयर सुविधाओं में नियोजित होने से पहले भारतीय केयरगिवर्स के लिए डिज़ाइन किया गया एक व्यापक नौ महीने का जापानी भाषा ट्रेनिंग प्रोग्राम और केयरगिवर डोमेन ट्रेनिंग शामिल है। नर्सिंग केयर लैब सोम्पो केयर के योग्य ट्रेनर्स द्वारा संचालित प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्रदान करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उम्मीदवार जापान में ऑपरेशनल स्टैण्डर्ड्स को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। पायलट प्रोग्राम में बड़ी संख्या में विस्तार करने से पहले तीन बैचों में 75 उम्मीदवारों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अपने संबोधन के दौरान, सोम्पो केयर के कॉर्पोरेट डायरेक्टर शिगेरू एंडो ने कहा, "आज, आप में से जो लोग यहाँ एकत्रित हुए हैं, वे भारत में जापानी भाषा और नर्सिंग केयर का अध्ययन करने के लिए नौ महीने की यात्रा पर निकलने वाले हैं। हम नर्सिंग केयर लैब के उद्घाटन का उत्सव मनाते हुए प्रसन्न हैं। सोम्पो केयर जापान में नंबर 1 नर्सिंग केयर ऑपरेटर है, जो हमारे इन-हाउस ट्रेनिंग सेन्टर्स के माध्यम से एक शिक्षा प्रणाली स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। सोम्पो केयर के अनुभवी ट्रेनर्स को यहाँ भेजा जाएगा, ताकि वे नर्सिंग केयरगिवर स्किल और नॉलेज को साझा कर सकें, जिसे हमने 20 वर्षों में विकसित किया है। आपने एक कड़ी चयन प्रक्रिया को पार किया है और इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ यहाँ एकत्र हुए हैं। हम जापान के नर्सिंग केयर सेक्टर में भविष्य की तैयारी करते समय आपके प्रयासों का सहयोग करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।" एक साथ काम करके, एनएसडीसी इंटरनेशनल और सोम्पो केयर का लक्ष्य भारत में क्वालिटी केयरगिवर्स के लिए एक स्थायी ट्रेनिंग मॉडल स्थापित करना और जापान में उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय अवसर को सक्षम बनाना है।

## शेखपुरा में गरीब और निसहाय के बीच राहुल ने किया कम्बल वितरण, राहुल के कार्यों की हो रही है प्रशंसा

नई सोच एक्सप्रेस



**शेखपुरा।** जिले में समाजसेवी एवं भाजपा नेता राहुल कुमार द्वारा गरीबों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से सर्दी के मौसम में गरीबों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शेखपुरा थाना के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और समाजसेवी भी उपस्थित थे।राहुल कुमार ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सर्दी का मौसम कई लोगों के लिए मुश्किलें लेकर आता है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। कंबल वितरण इस दिशा में एक छोटा सा प्रयास है, लेकिन यह प्रयास उन गरीबों की ज़िन्दगी में थोड़ी राहत लाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए, क्योंकि किसी भी समाज में सच्ची ताकत उसकी एकजुटता और सहयोग में ही होती है।कार्यक्रम में उपस्थित थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने राहुल कुमार के इस नेक कार्य की सराहना की और कहा कि समाज सेवा का कार्य केवल एक व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल गरीबों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा मिलता है। धर्मेंद्र कुमार ने यह भी कहा कि समाज को संवेदनशील और जिम्मेदार बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हम सब मिलकर जरूरतमंदों की मदद कर सकें।राहुल कुमार ने इस दौरान यह भी बताया कि आने वाले समय में ऐसे कई और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के अन्य जरूरतमंद वर्गों की भी मदद की जा सके। उन्होंने क्षेत्रीय पंचायत सदस्य और अन्य समाजसेवियों से अपील की कि वे भी इस तरह के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें और एकजुट होकर समाज की भलाई के लिए काम करें।इस कार्यक्रम ने समाज में आपसी सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। राहुल कुमार के प्रयासों से यह स्पष्ट हुआ कि समाज में बदलाव लाने के लिए हर व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है, और एकजुट होकर हम किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में भाईचारे।

## कार्यकारणी की बैठक हुई संपन्न



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली।**नंद उच्च विद्यालय सुगौली के प्रांगण में जनता दल यूनाइटेड की कार्यकारणी बैठक रविवार को हुई।जिसमें आगामी 15 दिसबर को मोतिहारी जिला प्रेक्षा गृह में जिलेभर के कार्यकर्ताओं की बैठक की तैयारी के संदर्भ में चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं में तैयारी जोर शोर से चल रही है कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रखंड क्षेत्र से एक हजार कार्यकर्ताओं को ले जाने का संकल्प लिया गया। विधानसभा प्रभारी मदन पटेल की अध्यक्षता में बैठक हुई । मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद सिंह कुशवाहा, मोहम्मद सबीर, मोहम्मद मुमताज, श्रीराम कुमार, तबरेज आलम, अजय कुमार साहू, धनीलाल प्रसाद, रंजीत पटेल आदि मौजूद थे।

## हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा आयोजित बैठक में साहित्यिक परिचर्चा एवं भव्य काव्य गोष्ठी

नई सोच एक्सप्रेस



**कोलकाता।** प्रख्यात साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य परिषद के मुख्य संरक्षक श्रद्धेय श्रीमान सूर्या सिन्हा जी के द्वारा आयोजित सहभोज में उनकी अध्यक्षता में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें संस्था द्वारा आयोजित होने वाले भविष्य के कार्यक्रमों के बारे में गहन परिचर्चा के बाद वर्ष - 2025 के वार्षिक कार्यक्रम और प्रत्येक महीने होने वाली मासिक काव्य गोष्ठी का अंतिम रुप रेखा तय किया गया।इस बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि प्रत्येक मासिक काव्य गोष्ठी में राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार को मुख्य अतिथि के रुप में निमंत्रित करके उन्हें सम्मानित किया जाएगा।संस्था के अध्यक्ष संजय शुक्ल द्वारा ४ मुख्य बिंदुओं पर दिए गए निम्न लिखित सुझाव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।1) प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को मासिक गोष्ठी का आयोजन 2) त्रैमासिक पत्रिका का संपादन 3) राष्ट्रीय स्तर पर कालेज और विश्वविद्यालयों में काव्य प्रतियोगिता का आयोजन और 4) आर्थिक रूप से कमजोर रचनाकारों की पुस्तकों का निःशुल्क छपवाने का कार्य हिन्दी साहित्य परिषद अनवरत रूप से करती रहेगी। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष संजय शुक्ल की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका कुशल संचालन प्रदीप कुमार धानुक ने किया। जिन रचनाकारों ने इस अपूर्व संध्या पर अपनी काव्य सुरभि बिखेरी उनके नाम हैं – राम पुकार सिंह "पुकार ग़ाज़ीपुरी", इमरान राकिम, शकील गोंडवी, ओमप्रकाश चौबे, रीमा पांडेय, रूपम महतो, राम नारायण झा "देहाती", डॉ मनोज मिश्र और कालिका प्रसाद उपाध्याय "अशेष"।अंत में यह काव्य गोष्ठी नंदू बिहारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सुसम्पन्न हुई|

## साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड का इक्विटी शेयरों का आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव 11 दिसंबर, 2024 को खुलेगा

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** साई लाइफ साइंसेज लिमिटेड ("साई लाइफ" या "कंपनी"), बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों ("ऑफ़र") के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में बोली/ऑफ़र अवधि खोलने का प्रस्ताव करती है। इस ऑफ़र में कंपनी द्वारा 9,500 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू ("ताज़ा इश्यू") और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों ("बिक्री करने वाले शेयरधारक") द्वारा 38,116,934 इक्विटी शेयरों ("बिक्री के लिए ऑफ़र") की बिक्री की पेशकश शामिल है। ("कुल ऑफ़र आकार") कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव किया है, जिसकी अनुमानित राशि 7,200 मिलियन है और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए उपयोग की जाएगी। ("प्रस्ताव के उद्देश्य") बिक्री के लिए प्रस्ताव में साई क्वेस्ट सिं प्राइवेट लिमिटेड ("प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक") द्वारा 6,454,780 इक्विटी शेयर, टीपीजी एशिया VII एसएफ पीटीई लिमिटेड द्वारा 23,159,368 इक्विटी शेयर, एचबीएम प्राइवेट इक्विटी इंडिया (सामूहिक रूप से, "निवेशक विक्रय शेयरधारक") द्वारा 6,210,186 इक्विटी शेयर और भारती श्रीवारी द्वारा 650,000 इक्विटी शेयर, अनीता रुद्रराजू नंद्याला द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, राजू पेनमस्ता द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, डॉ. डर्क वाल्टर सार्टोर द्वारा 250,000 इक्विटी शेयर, जगदीश विश्वनाथ डोरे द्वारा 245,100 इक्विटी शेयर, राजगोपाल श्रीराम तत्ता द्वारा 62,500 इक्विटी शेयर तक, के पांडु रंगा राजू द्वारा 80,000 इक्विटी शेयर तक और वेंकट नरसिम्हा शास्त्री रेंडुचिंतला द्वारा 5,000 इक्विटी शेयर तक। (सामूहिक रूप से, "अन्य विक्रय शेयरधारक") एंकर निवेशक बोली/प्रस्ताव अवधि मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 को खुलेगी और बंद होगी। बोली/प्रस्ताव अवधि बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को सदस्यता के लिए खुलेगी और शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को बंद होगी। ("बोली विवरण") प्रस्ताव का मूल्य बैंड 522 से 549 प्रति इक्विटी शेयर ("मूल्य बैंड") तय किया गया है। बोलियाँ न्यूनतम ... इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद ... इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती हैं। ("बोली लॉट")। यह इक्विटी शेयर हैदराबाद में तेलंगाना के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास दाखिल 5 दिसंबर, 2024 की तारीख वाले कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे हैं। (''आरओसी'') रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (''बीएसई'') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (''एनएसई'' बीएसई के साथ मिलकर, ''स्टॉक एक्सचेंज'') के स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, एनएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज है। (''लिस्टिंग विवरण'') कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं ("बीआरएलएम")। इसमें इस्तेमाल किए गए लेकिन परिभाषित नहीं किए गए सभी बड़े अक्षरों वाले शब्दों का वही अर्थ होगा जो आरएचपी में उन्हें दिया गया है।

## सरकार कितना भी दमन कर ले हम अपना जंगल- अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे: प्रथमेश मिश्रा

नई सोच एक्सप्रेस

» बिलासपुर से हरिहरपुर हसदेव बचाओ पदयात्रा का समापन



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा ग्राम हरिहरपुर में आयोजित आदिवासी, किसान सम्मेलन में स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि सरकार को जितना दमन करना है, जेल में डालना है डाल दे लेकिन हम अपना जंगल जमीन नहीं छोड़ेंगे। मर जाएंगे लेकिन अदानी कंपनी को अपना जंगल जमीन नहीं देंगे। हमारी ग्रामसभा ने कभी कोई सहमति नहीं दी है सरकार जबरन हम आदिवासियों से सब कुछ छीनकर कंपनी को सौंप रही है। बिलासपुर से 250 किलोमीटर की 15 दिन की हसदेव नदी - जंगल बचाओ पदयात्रा का समापन आज हरिहरपुर में हुआ। इस अवसर पर आदिवासी, किसान सम्मेलन के रूप में सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर से पर्यावरणीय संवेदनशील नागरिक और आदिवासी अधिकारों के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा में शामिल प्रथमेश मिश्रा, राधेश्याम शर्मा, अजय आयल सिंघानी, निर्मला नायक आदि पदयात्रियों का ग्रामीणों ने स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रथमेश मिश्रा ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ हसदेव के साथियों की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। यदि यह जंगल खत्म हो गया तो जांजगीर से लेकर सरगुजा तक पानी का गंभीर संकट पैदा हो जायेगा। डॉक्टर सत्यजीत साहू ने कहा कि यह लड़ाई मानवता को बचाने की है। हम सभी इस लड़ाई में साथ है और इसे अवश्य जीतेंगे। संयोजक उमेश्वर सिंह आर्मो ने कहा कि इधर हमारे बूढ़ा देव के पवित्र स्थान को नष्ट किया उधर अमेरिका में अदानी कंपनी पर अपराध दर्ज हो गया। प्रकृति सबके साथ न्याय करती है और एक दिन इस अन्यायी कंपनी और सत्ता को धूल में मिला देगी बस हमें धैर्य के साथ अपनी लड़ाई को जारी रखना है। आलोक शुक्ला ने कहा कि संवैधानिक ग्रामसभा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के हसदेव को बचाने के संकल्पों को कुचलकर भाजपा सरकार हसदेव के जंगलों का विनाश कर रही है। यह लड़ाई अब सिर्फ हसदेव में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में लड़ी जाएगी। डॉक्टर उदयभान सिंह ने कहा कि हमने राज्य निर्माण के लिए आंदोलन किया है और छत्तीसगढ़ राज्य बनाया है लेकिन इसके अस्तित्व से खिलवाड़ होने नहीं देंगे। प्रदेश की प्राकृतिक संपदा को पूंजीपतियों को लूटने के खिलाफ खुलकर लड़ेंगे सत्ता चाहे किसी की भी हो। राधे श्याम शर्मा ने घोषणा की जब तक न्यायपालिका से न्याय नहीं मिलेगा वह अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। पदयात्रा के समापन और सम्मेलन के पश्चात खदान के लिए काटे गए वृक्षों के स्थान पर एक वृक्ष छत्तीसगढ़ महतारी के नाम तुम काटोगे हम लगाएंगे के नारे के साथ पदयात्रियों और ग्रामीणों ने साल के पौधों का पौधरोपण किया। सम्मेलन में एकता परिषद के रघुवीर प्रधान, अजमत राष्ट्रीय युवा संगठन, रविशंकर सिंह, संतोष सिंह, महेश चौधरी, सुषमा पटनायक, नेहरू बसना से शामिल हुए। पदयात्रा में प्रथमेशसविता बिलासपुर, राधेश्याम शर्मा, निर्मला नायक, जॉन बोदरा, मिथिलेश बघेल, चंद्रप्रदीप बाजपेयी, रतीष श्रीवास्तव, निलोत्पल शुक्ला, सौरभ गुरु तिवारी, संजय सिंघानी, केसी कंवर, अभिषेक मिश्रा अकलतरा, विनय गुप्ता पामगढ़, ललित बघेल अमरताल, डा. हेमंत कश्यप किरारी अकलतरा, योगेश गुप्ता, अजय रजक बिलासपुर, राहुल राय पामगढ़ आदि उपस्थित थे।

# युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य शमिका रवि के हालिया रिसर्च पेपर में कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के संबंध में तथ्यों पर आधारित सारगुभत बातें बताने के साथ-साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं। यह भी कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है। किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी, दो अलग-अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18-59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं, जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं। वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72-73 प्रतिशत के बीच रही है। बांग्लादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है परंतु भारत में 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आश्य ऐसे नागरिकों से है, जो रोजगार तलाश रहे हैं, लेकिन रोजगार मिल नहीं रहा। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा-बहुत परिवर्तन होता रहता है परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं, तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर 0.9-1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है। आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं। इसलिए देश में रोजगार के नये अवसर निर्मित करने के लिए व्यवसाय को बढ़ाना होगा, विकास को बढ़ाना होगा। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकतीं। इस हेतु, निजी क्षेत्र को आगे आना होगा। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संस्थानों के रोजगार के अवसर निर्मित करने की कुछ सीमाएं हैं। आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अतः युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। युवाओं में कौशल का अभाव है। इसलिए केंद्र सरकार विशेष कार्यक्रम लागू कर युवाओं में कौशल विकसित का प्रयास कर रही है। विशेष रूप से युवाओं के लिए कहा जा रहा है कि वे 30 वर्ष की उम्र तक काम करना ही नहीं चाहते क्योंकि इस उम्र तक वे रोजगार के अच्छे अवसर ही तलाशते रहते हैं। 30 वर्ष की उम्र के बाद वे दबाव में आने लगते हैं एवं फिर जो भी रोजगार अवसर मिलता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं। इसलिए 30 वर्ष से अधिक की उम्र के नागरिकों के बीच बेरोजगारी की दर बहुत कम है। यह स्थिति हाल के समय में अन्य देशों में भी देखी जा रही है। युवाओं की अपनी नजर में सही रोजगार के अवसर के लिए वे इंतजार करते रहते हैं, अथवा अपनी पढ़ाई जारी रखते हैं। आज विशेष रूप से भारत में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। युवाओं में कौशल एवं मानसिकता का अभाव एवं केवल सरकारी नौकरी को ही रोजगार के अवसर के लिए चुनना ही भारत में श्रम की भागीदारी में कमी के लिए जिम्मेदार तत्व हैं। अधिक डिग्रियां प्राप्त करने वाले युवा रोजगार के अच्छे अवसर तलाश करने में ही लंबा समय व्यतीत कर देते हैं। कम डिग्री प्राप्त एवं कम पढ़े-लिखे नागरिक छोटी उम्र से ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं। यह भी कटु सत्य है कि डिग्री प्राप्त करने एवं वास्तविक धरातल पर कौशल विकसित करने में बहुत अंतर है। आज भी भारत में कई कंपनियों को शिकायत है कि देश में इंजीनीयर्स तो बहुत मिलते हैं परंतु उच्च कौशल प्राप्त इंजीनीयर्स की भारी कमी है। तमिलनाडु में किए गए एक अध्ययन में तथ्य उभर कर आया है कि किसी भी देश के नागरिक जब अधिक उम्र में रोजगार प्राप्त करते हैं, तो उनकी कुल उम्र भर की कुल वास्तविक औसत आय बहुत कम हो जाती है। इसके विपरीत जो नागरिक अपनी उम्र के शुरुआती पड़ाव में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं, उनकी कुल उम्र भर की वास्तविक औसत आय तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। भारत में स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाना चाहिए एवं युवाओं को सरकारी नौकरी की चाहत को छोड़कर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। युवाओं को अपने स्वयं के व्यवसाय प्रारंभ करने के प्रयास भी करने चाहिए।

## कांग्रेस मुसलमानों को हाशिये पर रख वोट बैंक समझा

मुसलमानों को डर दिखाकर कांग्रेस इस देश में कई दशक तक शासन सत्ता में रही। मुसलमान आजादी के बाद भी कई दशकों तक हाशिये पर रहा, लेकिन कभी भी उसे मुख्यधारा में शामिल नहीं होने दिया गया। वजह सिर्फ एक थी मुसलमान को भय दिखा कर उसे अपना वोट बैंक बनाए रखना। मोदी राज में अब पुरानी धारणाएं पूरी तरह बदल गई हैं। जब देश के प्रधानमंत्री 140 करोड़ भारतीयों की बात करते हैं तो मुसलमान भी उनकी नीतियों में, उनके विकसित भारत के विजन में शामिल होता है। हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम एक हैं, तो सेफ हैं तो देश के मुसलमान को डरने की जरूरत नहीं। क्योंकि यह नारा किसी एक समुदाय के लिए नहीं है, बल्कि उन सभी देशवासियों के लिए जिन्हें यहां की विविधता में एकता की संस्कृति पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी योजना में ऐसा नहीं किया कि कोई ख़ुद को अलग महसूस करे। जहां तक विपक्ष की बात है तो उनके लिए यही कहा जा सकता है जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। उनको सब कुछ नकारात्मक ही दिखता है। सैकड़ों कल्याणकारी योजनाओं के केंद्र में सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र सर्वोपरि रहा यानी योजनाओं को किसी खांचे में नहीं बांटा गया और इनका लाभ सभी जरूरतमंद लोगों को मिला। मुझे यह कहने में भी कोई संकोच नहीं कि इन योजनाओं का सबसे बड़ा लाभ देश की अल्पसंख्यक आबादी खास तौर पर मुसलमानों को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना हो, मुफ्त राशन योजना हो, आयुष्मान स्कीम हो या अन्य कोई कल्याणकारी कार्यक्रम। लिस्ट उठा कर देख लीजिए कहीं कोई भेदभाव नहीं मिलेगा। लाभार्थियों में मुसलमान बड़ी संख्या में शामिल हैं।

# बांग्लादेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिशें



आरती कुमारी

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के जुलाई में हुए तख्तापलट के बाद से ही भारत विरोधी लहर चल रही है। हिंदुओं के खिलाफ हिंसा भी चरम पर है। भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कुल 20 से 22 टेरर कैंप खड़े किए गए हैं। ये सभी कैंप्स उन इलाकों में हैं, जहाँ से भारत में घुसपैठ के लिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या आते रहे हैं। भारतीय बॉर्डर के नज़दीक ही इन आतंकियों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसा के खिलाफ वैश्विक स्तर पर चिंता की लहर बढ़ती जा रही है। ब्रिटेन की संसद तक में यह मुद्दा उठ चुका है। अब अमेरिका में भी इसके खिलाफ राष्ट्रपति भवन यानी व्हाइट हाउस के करीब बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। इसके बावजूद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों से लेकर चीन-पाकिस्तान तक के दबाव में अपना भारत विरोधी एजेंडा छोड़ने को तैयार नहीं है। अब यूनुस सरकार ने एक और ऐसा क़दम उठाया है, जिससे भारत को बड़ा झटका लगने जा रहा है। यूनुस सरकार ने शेख हसीना के कार्यकाल में भारत के साथ किए गए मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़े एक समझौते को रद्द कर दिया है। इस समझौते से भारत अपने नॉर्थईस्ट राज्यों में इंटरनेट की स्पीड और कवरज बढ़ाने की जुगत भिड़ा रहा था, लेकिन अब यह उम्मीद टूट गई है। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिरों पर हमलों के बीच ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई बांग्लादेश में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थियों में से भारत के खिलाफ आतंकी तैयार करने में जुटी हुई है। बांग्लादेश में हिंदुओं की एथेनिक क्लींजिंग चल रही है। 53 साल बाद पाकिस्तान बांग्लादेश को हथियार भेज रहा है। खालिदा ज़िया और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच मुलाकातें भी हो रही हैं। बांग्लादेश में वही हो रहा है जो पहले बाबर ने किया फिर कश्मीर में हिंदुओं के साथ हुआ। दरअसल पाकिस्तान बांग्लादेश का इस्तेमाल करते हुए भारत को टारगेट कर रहा है। वह भी 3 तरफ़ से। पाकिस्तान का पहला शिकार बांग्लादेशी हिंदू, जिनपर इतने अत्याचार हो रहे है कि हर परिभाषा छोटी पड़ जाए. दूसरा हिस्सा है बांग्लादेशी फ़ौज को मदद, जिसके जरिए पाकिस्तान भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोलना चाहता है और तीसरा भारतीय सामानों का बहिष्कार... ताकि भारत को आर्थिक चोट पहुँचे। बांग्लादेश ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और त्रिपुरा (अगरतला) में अपने शीर्ष राजनयिकों को 'परामर्श' के लिए वापस बुलाया है। वहीं बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की फोटो नोटों से भी हटा दी गई है। भारत के नॉर्थ-ईस्ट इलाके के कई राज्यों में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है। इसी कारण भारत ने बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के दौरान एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत बांग्लादेश का उपयोग रीजनल डिजिटल हब के तौर पर किया जाना था, जिसमें बांग्लादेशी सीमा पर इंटरनेट सर्किट स्थापित कर नॉर्थ ईस्ट राज्यों में डेटा ट्रांसमिशन के लिए 'बैंडविड्थ ट्रांजिट' सुविधा देनी थी। यह काम भारती एयरटेल को बांग्लादेशी कंपनियाँ समीट कम्युनिकेशंस और फाइबर एट होम के साथ मिलकर करना था। यह प्रस्ताव इन कंपनियों ने बांग्लादेश टेलीकम्युनिकेशन रेगुलेटरी कमीशन के सामने पेश किया गया था, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई थी। यूनुस सरकार ने अब इस समझौते की सैद्धांतिक मंजूरी ख़त्म कर दी है। इसे रद्द करने का आदेश जारी करते हुए इससे बांग्लादेश को कोई आर्थिक लाभ नहीं होने का तर्क दिया है। हालांकि यह फ़ैसला केवल भारत विरोधी नहीं है। दरअसल इस ट्रांजिट लिंक को तैयार करने के लिए एयरटेल के साथ जुड़ी कंपनी समीट कम्युनिकेशंस के चेयरमैन मोहम्मद फारिद खान का शेख हसीना की अवामी लीग से भी नाता है। वे अवामी लीग के सांसद फरीक खान के छोटे भाई हैं। यह भी यूनुस सरकार के फैसले का कारण माना जा रहा है। बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की भीड़ ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि ढाका के नमहट्टा स्थित इस्कॉन मंदिर में चरमपंथियों की भीड़ ने हमला




किया है। उन्होंने कहा कि नमहट्टा के मंदिर में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात चरमपंथी मुस्लिमों ने हमला करने के बाद सारी मूर्तियों पर तेल छिड़ककर आग लगा दी है। पूरा मंदिर जला दिया गया है। ये मंदिर ढाका जिले के तुराग पुलिस थाने के अंतर्गत धौर गाँव में स्थित है। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस्कॉन इन घटनाओं की जानकारी लगातार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दे रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन इन्हें नहीं रोक रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ अमेरिका में भी चिंता जताई गई है। भारतीय मूल के अमेरिकियों ने इसके खिलाफ वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस के करीब और शिकागो में अगले दो दिन के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित करने का ऐलान किया है। यह प्रोटेस्ट मार्च हिंदू एक्शन संगठन की तरफ़ से व्हाइट हाउस के पास 'बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार' नाम से सोमवार को आयोजित होगा, जबकि रविवार को शिकागो में 'नरसंहार रोकें: बांग्लादेश में हिंदुओं की जान बचाएं' के नाम से किया जाएगा। इनमें अमेरिका के नामी-गिरामी भारतीय लीडर मौजूद रहेंगे। बांग्लादेश की धरती पर कट्टरपंथियों के दबाव में फंसी मुहम्मद यूनुस सरकार ने अब पाकिस्तान को खुलकर मनमानी करने की छूट दे दी है। इससे वहाँ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी एक्टिव हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में पाकिस्तान रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी बना रहा है। इन रोहिंग्या आतंकियों को भारत में हमले करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आज से 53 साल पहले लाखों बांग्लादेशियों ने...पाकिस्तान के क्रूर शासन से आज़ादी के लिए कुर्बानी दी थी। लेकिन वह कुर्बानियाँ अब कब्र में दफ्न कर दी गई हैं...और बांग्लादेशी कट्टरपंथी पाकिस्तान को अपना रहनुमा मानने लगे हैं। बांग्लादेशी चिल्ला-चिल्ला कर पाकिस्तान का नाम तो ले रहे हैं। लेकिन अगर थोड़ा इतिहास पढ़ा होता तो अफगानिस्तान नज़र आता, जहाँ पाकिस्तान ने दखल दी। तालिबान खड़ा किया और अफगानिस्तान को बर्बाद कर दिया। अगर बांग्लादेश अब भी इस साज़िश को नहीं समझ पाया...तो शायद बांग्लादेश को दूसरा अफगानिस्तान कहा जाएगा।

# बढ़ती ही जा रही है इंडिया गठबंधन में दरार , उभरी है नेतृत्व परिवर्तन की मांग

अशोक भाटिया , मुंबई

भाजपा का मुकाबला करने के लिए बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में दरार बढ़ती ही जा रही है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी से सपा के अलग होने और पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के गठबंधन के कामकाज से असंतुष्ट होने से साफ है कि गठबंधन का भविष्य सवालों में है। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा मतभेद कांग्रेस की स्थिति को लेकर है। गठबंधन अब भाजपा को छोड़कर आपस में ही उलझता नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन का गठन जून 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ किया गया था। हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली करारी हार के बाद इंडिया गठबंधन बिखर सा गया है, बड़ी बात यह है इंडिया गठबंधन के ही कई नेता कांग्रेस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के लोकसभा चुनाव प्रदर्शन के बाद जो हैसियत बढ़ गई थी, एक बार फिर वो पतन की ओर दिखाई दे रही है।दैनिक नवभारत टाइम्स के अनुसार सपा की महाविकास अघाड़ी में यह फूट हिंदुत्व के मुद्दे पर पड़ी है । टीएमसी ने तो उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर इंडिया अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है। टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, 'कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।'तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, 'वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।' दरअसल ममता बनर्जी की छवि एक आंदोलनकारी के रूप में भी देखने को मिली है, जब पश्चिम बंगाल में लेफ्ट की सरकार थी, जब कई सालों तक टीएमसी को संघर्ष करना पड़ा था, तब ममता बनर्जी का अलग ही सियासी रूप सामने आया था। पैरों में चप्पल पहनकर उन्होंने कई किलोमीटर का आंदोलन किया था। सिंगूर में उन्होंने जनता के लिए जिस तरह से लेफ्ट सरकार से टक्कर ली थी, उसने उनकी सियासी पहचान हमेशा के लिए बदल दी थी। उस एक आंदोलन ने बता दिया था कि ममता बनर्जी जमीन से जुड़ी नेता हैं, उनकी भी कॉमन मैन वाली छवि है। उनका यह अंदाज राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के सियासी कद को चुनौती दे सकता है। जब भी राहुल गांधी से ममता बनर्जी की तुलना की जाती है, अनुभव के मामले में नेता प्रतिपक्ष हमेशा पीछे छूटते हैं। जिस नेता को लगातार तीन बार सरकार बनाने का मौका मिला, जिसने पिछले 15 सालों से किसी राज्य की कमान संभाल रखी हो, उसका अनुभव सियासी तौर पर अप्रत्याशित होता है, प्रशस्तिक जिम्मेदारी निभाने में भी वो काफी निपुण माना जाता है। ऐसे में यह सियासी अनुभव भी ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन के लिए मुफीद बना सकता है। शुक्रवार को एक समाचार चैनल से बात करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब इसका प्रबंधन करना उन लोगों पर निर्भर है जो इसका नेतृत्व कर रहे हैं। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है। mविपक्षी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व करने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणी को लेकर गठबंधन के सहयोगियों की ओर समर्थन की किया गया है। पहले समाजवादी पार्टी और अब शरद पवार। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर शरद पवार ने कहा कि हां, निश्चित रूप से (वह गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं), वह इस देश की एक प्रमुख नेता हैं। उनमें वह क्षमता है। संसद में उनके द्वारा चुने गए नेता जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक लोग हैं। इसलिए उन्हें ऐसा कहने का अधिकार है। ममता के बयान पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। बंगाल कांग्रेस के प्रवक्ता सौम्य राय आइच ने कहा कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां पूरे भारत में भाजपा के खिलाफ लड़ रही हैं, जबकि ममता का भाजपा विरोध सीजनल पालिटिक्स की तरह है। वह कभी इंडिया गठबंधन में हैं तो कभी नहीं। उनकी पार्टी संसद में अदाणी के खिलाफ कुछ नहीं बोल रही।ममता भाजपा के खिलाफ चुप रहेंगी और गठबंधन का नेतृत्व भी करना चाहेंगी, ये दोनों चीजें एक साथ नहीं हो सकतीं।वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि 80 से ज्यादा बार रिलांच होने के बावजूद राहुल व प्रियंका गांधी वाड्रा को अगर उनके गठबंधन के नेता ही गंभीरता से नहीं लेते तो देश की जनता कैसे लेगी? जो लोग एक-दूसरे की राजनीतिक जमीन कमजोर करने में लगे हैं, वे जनता की सेवा नहीं कर सकते। पीएम मोदी हमेशा यही कहते रहे हैं कि यह गठबंधन अहंकारी है, जिसमें लोग एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। चुनाव के बाद गठबंधन टूट जाता है और इसके सदस्य आपस में ही लड़ने लगते हैं। महाराष्ट्र में वैसे ही चुनाव पूर्व से महाविकास अघाड़ी के साथ समाजवादी पार्टी की पटरी मेल नहीं खा रही थी ।अब समाजवादी पार्टी ने महाविकास अघाड़ी से अलग होने की घोषणा की है। पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस ने टिकट बंटवारे पर हमसे कोई बात नहीं की। किसी तरह का कोई कॉर्डिनेशन नहीं रहा। ऐसे में गठबंधन में रहने का क्या मतलब है। महाविकास अघाड़ी ने EVM के मुद्दे पर विधानसभा में सदस्यता की शपथ लेने से मना कर दिया था। शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरे ने इसकी घोषणा की थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के दोनों विधायकों अबू आजमी और रईस शेख ने शपथ ली है। संभल के मुद्दे पर भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में अनबन जारी है। उत्तर प्रदेश में दोनों पार्टियों का गठबंधन है, लेकिन संभल को लेकर दोनों में किसी तरह का कोई तालमेल नहीं है। संसद में जब इस पर बहस हुई तब कांग्रेस के सांसद बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल में हुई हिंसा के मामले को लोकसभा में जोर शोर से उठाया। मामला मुस्लिम वोट का है। इसीलिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अगले ही दिन संभल के लिए रवाना हो गए। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोनों नेताओं को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक दिया। इस पर समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि राहुल गांधी विरोध के नाम पर औपचारिकता कर रहे थे, उन्हें यह मुद्दा संसद में उठाना चाहिए था। स्पष्ट है संसद के अंदर और बाहर भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के रिश्तों में दरार नज़र आने लगी है। समाजवादी पार्टी के सांसद संभल पर बहस चाहते थे, लेकिन राहुल गांधी और उनकी पार्टी का फोकस दूसरे मुद्दों पर था।हालांकि इस मुद्दे पर ममता बनर्जी भी अखिलेश यादव के साथ हैं। दोनों के बीच अच्छे रिश्ते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ दी थी, जबकि सब जानते हैं कि यूपी में ममता की पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। वैसे कुछ जानकार तो यहां तक मानते हैं कि ममता बनर्जी जो इस समय इंडिया गठबंधन को लीड करने की बात कर रही हैं, उनकी असल रणनीति तो पूरे विपक्ष अलग होने की है। उन्हें भी शायद इस बात का एहसास है कि कांग्रेस उनके नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी, इस तरह से नाराजगी वाला कारण बताकर इंडिया गठबंधन से खुद को अलग कर सकती हैं और नए सिरे से अपनी राजनीति शुरू कर सकती हैं। वैसे ममता के अलावा नीतीश कुमार की राजनीति भी इस समय सुर्खियों में है, ऐसी खबर चल पड़ी है कि अगर बिहार में महाराष्ट्र फॉर्मूला लगाया गया, नीतीश की कुर्सी चली जाएगी।




**मेष राशि–** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। ऑफिस में वो काम आपको आज मिल सकता है, जिसके लिए आप बहुत उत्सुक थे।

**वृष राशि–** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

**मिथुन राशि–** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुये काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा।

**कर्क राशि–** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलैक्स फील होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के योग हैं। थोड़ी कोशिश करें तो आपको ज्यादा फायदा होगा। आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आपका दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। आज आपको वाहन सुख मिलने के योग बने हुए हैं।

**सिंह राशि–** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपके सभी काम सुचारू रूप से पूरे होते जाएंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

**कन्या राशि–** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा करके अच्छा लगेगा।

**तुला राशि–**आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे।

**वृश्चिक राशि–**आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका कोई जरूरी काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।


**धनु राशि–**आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज ऑफिस के किसी कार्य वश आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। समझ पूर्ण व्यवहार से आप परिवार की एकता को बरकार रखने में कामयाब होंगे।

**मकर राशि–** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे।

**कुंभ राशि–** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी।

**मीन राशि–** आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिल जाएगा। पिछले कुछ समय से जिनसे आपकी अनबन चल रही है, वह आज दूर हो जाएगी। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है। दिनभर आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा।

## शब्द पहेली - 8336



**बाएँ से दाएँ**

1. चोगा, गाऊन-3
3. पायजामा, शलवार-4
6. भाग्य, लक-3
7. सूर्य, भास्कर-2
8. बिता हुआ दिन-2
10. न्यूनता, निम्नता-5
12. मैडल, पदक-3
15. माला का मोती-3
17. कुलिन स्त्री-5
20. थूक, लेस-2
22. विलंब, लेट-2
23. जाँच, निरीक्षण-3
24. श्मशान, शवदाहगृह-4
25. साफ, बेदाग-3

**ऊपर से नीचे**

2. दानशीलता, उदारता-5
3. पाठ, शिक्षा-3
4. रात्रि जागरण-4
5. नेत्रावरण-3
7. लीन, मगन-2
9. बुरी आदत-2
11. कामदेव-3
13. मगरमच्छ-3
14. इंतजार करना-2,3
15. आलेप, लोशन-4
16. सफेद का विलोम-2
18. पानी से सराबोर-2
19. माजरा, हालात-3
21. रिपोर्ट-3

शब्द पहेली -8335 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# शमी को शीघ्र ऑस्ट्रेलिया भेजना ठीक रहेगा : शास्त्री



**एडिलेड**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया भेज देना चाहिये। शास्त्री का कहना है कि अभी ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर भारी दबाव है। उसे कम करने के लिए शमी को भेजना ठीक रहेगा। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। शास्त्री अभी ऑस्ट्रेलिया में कॉमेंट्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'शमी जितनी जल्दी यहां पहुंचेंगे, भारत के लिए उतना ही बेहतर होगा। वह बहुत सारे घरेलू मैच खेल रहे हैं' जब बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों और अन्य गेंदबाजी भी ऐसा कर रहे होते हैं, तो आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों पर दबाव बना कसते हैं। 'शमी ने चोट से उबरने के बाद घरेलू टी20 प्रतियोगिता में बंगाल के लिए सात मैच खेले हैं। अभी तक शमी के लिए सब कुछ ठीक चल रहा है। शमी छोटे स्पैल में गेंदबाजी के दौरान वह लय और नियंत्रण बनाये हुए हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अधिकारियों और एक राष्ट्रीय चयनकर्ता की कड़ी निगरानी में वापसी कर रहे हैं। वहीं इससे पहले उन्होंने तीसरे टेस्ट के लिए शमी को जल्दबाजी में शामिल नहीं करने की चेतावनी भी दी थी। तब उन्होंने कहा, 'ब्रिस्बेन शायद बहुत जल्दी हो, लेकिन मेलबर्न और सिडनी के लिए निश्चित रूप से शमी उपलब्ध हो सकते हैं।'

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट दस विकेट से जीता, भारतीय टीम की करारी हार

### सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी



**एडीलेड**। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को दस विकेट से हराकर बॉर्डर गावस्कर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। भारतीय टीम तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए केवल 19 रन बनाने थे जो उसके सलामी बल्लेबाजों नाथन मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा ने बिना किसी नुकसान के चार ओवरों में ही बना लिए। भारतीय टीम ने गुलाबी गेंद से खेले गये दिन-रात के इस मैच के तीसरे ही दिन समर्पण कर दिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाज मिचेल स्टार्क सहित ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में 44.1 ओवर में ही 180 रनों पर आउट हो गये। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड के शतक से अपनी पहली पारी में 337 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 157 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और पूरी टीम 36.5 ओवर में 175 रनों पर ही सिमट गयी। दोनों ही पारियों में सारे विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। पहली पारी में स्टार्क ने सबसे अधिक 6 विकेट जबकि दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

इससे पहले आज सुब भारतीय टीम ने दूसरे दिन के 5 विकेट पर 128 रनों से आगे खेलते हुए तीसर दिन सबसे पहले ऋषभ पंत 28 का विकेट खोया। ऋषभ अपने दूसरे दिन के स्कोर में बिना एक भी रन जोड़े बिना पेवेलियन लौट गये। इस प्रकार 128 के स्कोर पर भारतीय टीम का छठा विकेट गिरा। नीतीश ने पहली पारी की तरह ही दूसरी पारी में भी सबसे अधिक 42 रन बनाए और किसी प्रकार भारतीय टीम को ने 166 रन तक पहुंचाया। इसके बाद नीतीश कैच आउट हुए। इस प्रकार भारतीय टीम का नौवा विकेट गिरा। अंतिम विकेट मो सिराज के रुप में गिरा और इसके साथ ही भारतीय टीम हार गयी। थर्डमैन पर लपके गए. वे नौवें बैटर के तौर पर आउट हुए. इसके 9 रन बाद सिराज के आउट होते ही भारतीय टीम 175 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिक में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम तीसरे नंबर पर फिसल गयी है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया

• सीरीज में 2-0 से आगे हुई



**ब्रिसबेन**। एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 249 रन ही बना पायी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड 60 और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उसने बेथ मूनी 56 के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट वहीं रेणुका सिंह ने 78 रन पर एक विकेट लिया।, दीप्ति शर्मा ने 59 रन देक एक विकेट जबकि प्रिया मिश्रा ने भी 88 रन पर एक विकट लिया। मेजबान टीम ने पहले मैच में भी भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था। ऐसे में अब वह सीरीज में 2-0 से आगे हो गयी है।

## कमाई में भी पीछे नहीं हैं ईशान



**मुम्बई**। भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल अपनी वापसी के प्रयास में लगे हैं और जब भी अवसर मिले बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। ईशान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिला है। इसके बाद भी उनकी कमाई करोड़ों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल नेटवर्क 62 करोड़ रुपए के करीब है। वह आईपीएल से ही करोड़ों कमा लेते हैं। आईपीएल 2024 तक मुंबई इंडियंस ने ईशान को 15.25 करोड रुपए में रखा था। वहीं इस बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड रुपए देने में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट से भी उन्हें एक अच्छी रकम मिल जाती है। इसके अलावा या बल्लेबाज ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए भी अच्छी कमाई कर लेता है। सोशल मीडिया अकाउंट पर अच्छी फैन फॉलोइंग होने के कारण कंपनियां इन्हें विज्ञापन करने का ऑफर देती हैं। ईशान किशन की ब्रांड वैल्यू में भी काफी उछाल देखने को मिला है पिछले 2 सालों में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा बढ़ी है। इंस्टाग्राम पर इस खिलाड़ी को 7.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं, जिसका फायदा उन्हें विज्ञापन के रुप में मिलता है। वह लक्जरी गाड़ियों के भी शौकीन हैं। उनके पास बीएमडब्ल्यू 5 सीरीज, मर्सिडीज़-बेंज सी क्लास और फोर्ड मुस्तांग जीटी जैसी लक्जरी गाड़ियां उपलब्ध है।

## आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार कर सकते हैं मुम्बई इंडियंस की कप्तानी



**मुम्बई**। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कयोंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें। मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम -12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगा था। बता दें कि टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

# व्यापार

## सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन में गिरावट

### विदेशी बाजारों में भाव सुधरने से पाम-पामोलीन तेल में हुआ सुधार



**नई दिल्ली**। विदेशों के साथ साथ स्थानीय मांग कमजोर रहने की वजह से बीते सप्ताह देश के खाने के तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तिलहन के भाव में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशों में भाव सुधरने से सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा सस्ता होने के बीच जाड़े की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह मांग कमजोर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। कीमत की इस गिरावट की वजह से मंडियों में सरसों की आवक भी घटी है जो पहले के लगभग दो लाख बोरी से घटकर 1.40-1.45 लाख बोरी रह गई। जबकि देश में सरसों की रोजाना मांग 3.5-4 लाख बोरी की है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,575-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,275-2,375 रुपये और 2,275-2,400 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 200-200 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,300-4,350 रुपये और 4,000-4,035 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर के दाम क्रमशः 10 रुपये, 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ क्रमशः 13,885 रुपये और 13,850 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। सोयाबीन डीगम तेल का भाव 9,885 रुपये क्विंटल पर अपरिवर्तित बने रहे। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार देखने को मिली। मूंगफली तिलहन का भाव 150 रुपये सुधरकर 6,250-6,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ वहीं मूंगफली तेल गुजरात 400 रुपये की तेजी के साथ 14,500 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 55 रुपये की तेजी दर्शाता 2,185-2,485 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। मलेशिया में मजबूत होते दाम की वजह से कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 400 रुपये सुधरकर 13,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 350 रुपये के सुधार के साथ 14,750 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये के सुधार के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन से सस्ता होने के बीच मांग बढ़ने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 50 रुपये के सुधार के साथ 12,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## वैश्विक रुझानों, एफआईआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल

### रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होगी




**मुंबई**। इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से शेयर बाजारों की चाल प्रभावित होगी। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि इसके अलावा रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों को वैश्विक संकेतों, घरेलू आर्थिक संकेतकों और विदेशी तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों के रुख से आगे की दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपये की विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमत जैसे प्रमुख कारक भी बाजार के रुझानों को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव चुनौतियां पेश करते रहते हैं। हालांकि, डॉलर सूचकांक और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में हालिया गिरावट ने भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाया है। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक उछला, जबकि एनएसई निफ्टी में 546.7 अंक की बढ़त हुई। बाजार के जानकारों ने कहा कि दिसंबर की शुरुआत में एफआईआई के एक बार फिर खरीदारी शुरू करने से बाजार की धारणा सकारात्मक हुई है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 केंद्र से बातचीत का निमंत्रण नहीं,दिल्ली कूच करेगा 101 किसानों का जत्था,टिकरी बॉर्डर पर बढ़ाई गई सुरक्षा,कई इंतजाम
2 पिछली बार मोदी सरकार को झुकाने में कामयाब रहे थे किसान,इस बार क्या पीछे हट जाएंगे?
3 उड़ीसाःराष्ट्रपति मुर्मू ने रेलवे की तीन समेत छह परियोजनाओं की रखी आधारशिला,6400 करोड़ से बढ़ेगी कनेक्टिविटी
4 रक्षा मंत्री राजनाथ का तीन दिवसीय दौरा रूस का आज से,सैन्य सहयोग-औद्योगिक साझेदारी पर होगी बात
5 तेलंगाना में जेपी नड्डा का कांग्रेस पर हमला,कहाःयहां जादूगरों और धोखेबाजों की सरकार,इसे हटाएं
6 राहुल गांधी बोलेःगरीब और मध्यम वर्ग की मेहनत की कमाई को लूटा जा रहा,जीएसटी बढ़ाने की तैयारी में मोदी सरकार? राहुल गांधी बोलेःनया टैक्स स्लैब बनाया जा रहा
7 जीएसटी को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है,उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए;एक तरफ़ कॉरपोरेट टैक्स के मुक़ाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है,दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज़्यादा वसूली की तैयारी कर रही है
8 शरद पवार ने किया ममता बनर्जी का समर्थन, कहाःउनमें इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता
9 शरद पवार ने कहाः महाराष्ट्र चुनाव में महायुति की जीत को लेकर विपक्ष को चिंता करने की जरूरत नहीं है,यह सच है कि हमारी हार हुई है,हमें इस पर निराश नहीं होना चाहिए,बल्कि लोगों के पास वापस जाना चाहिए,क्योंकि चुनाव नतीजों को लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है,उनमें बहुत नाराजगी है
10 महाराष्ट्रःनई कैबिनेट में गृह मंत्रालय पर फंसी बात,विभागों के बंटवारे पर आज स्थिति साफ होने की उम्मीद
11 सुखबीर बादल पर गोली चलाने वाले का सम्मान करो,केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बयान पर बवाल
12 डे-नाइट टेस्ट का तीसरा दिन,हार के करीब भारत,पंत-नीतीश पर उम्मीदें टिकीं;ऑस्ट्रेलिया 29 रन से आगे,इंडिया 128/5
13 2025 में हम सबसे अच्छा-प्रदर्शन वाले बाजारों में शुमार होंगे,मॉर्गन स्टेनली का अनुमान-सेंसेक्स 1 साल में 28% चढ़कर 1 लाख पार कर सकता है
14 बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिल्ली से बाहर निकालें,दरगाह हजरत निजामुद्दीन के उलेमाओं ने की LG सक्सेना से मांग
15 ये आए तो बंद कर देंगे फ्री योजनाएं,BJP के नारे बदल के रहेंगे' पर बोले अरविंद केजरीवाल
16 कांग्रेस में होने वाला है बड़ा बदलाव! यूपी की तरह सभी राज्यों में भंग हो सकती हैं सारी समितियां
17 बांग्लादेश में बाज नहीं आ रहे उपद्रवी,अब इस्कॉन के दो और मंदिरों में लगाई आग;देवी-देवताओं की मूर्तियां हुईं राख
18 अब बांग्लादेश सीमा पर जीरो लाइन के पास BSF जवानों को किया गया तैनात,बढ़ती टेंशन के बीच भारत ने उठाया ये कदम?
19 CM ममता को मिला शरद का साथ,I.N.D.I.A में और चौड़ी हुई दरार;दीदी अगुआई को तैयार
20 कनाडा संसद में फिर नापाक हरकत साजिश रच रही खालिस्तान लॉबी, 1984 दंगों को नरसंहार घोषित कराने की तैयारी!
21 Subhash Ghai News:फिल्म निर्माता सुभाष घई की बिगड़ी तबीयत,मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती
22 ब्रिक्स करेंसी के लिए कोई प्रस्ताव नहीं,ट्रम्प की टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी पर बोले एस जयशंकर
23 ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फैशन शो में बिखेरा जलवा,दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव के दौरान किया रैंप वॉक
24 बांग्लादेशी सैनिक असम में घुसे,मंदिर निर्माण रोका,BSF की सख्ती पर लौटे;तीन दिन से बॉर्डर पर तनाव
25 राहुल बोलेःमोदी सरकार नया टैक्स स्लैब लाने की तैयारी में,1500 से ज्यादा के कपड़ों पर GST 12% से 18% करेगी,यह अन्याय है
26 Maharashtra: समाजवादी पार्टी ने छोड़ा MVA गठबंधन,बाबरी मस्जिद पर शिवसेना-UBT के रुख से जताई नाराजगी
27 IT Raid:बाराती बन गए अफसर,40 गाड़ियों से मारी एंट्री,IT और ED की रेड से मोतिहारी में हड़कंप
28 रोहिंग्या आतंकियों को ट्रेन कर रहा बांग्लादेश, PAK का फुल सपोर्ट? भारत को टेंशन
29 सुपरबग्स से निपटने के लिए भारत की नई एंटीबायोटिक दवाएं बनेंगी 'गेमचेंजर'?
30 शमी को लाओःरवि शास्त्री ने माना-बुमराह पर दबाव कम करने की है
31 सुखबीर बादल पर फायरिंग करने वाला नारायण सिंह 3 दिन की पुलिस रिमांड पर
32 आगराःकारतूस की डिलीवरी देने आए अंकित को ATS ने किया गिरफ्तार
33 बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में गाजियाबाद में बड़ा विरोध-प्रदर्शन,बैन लगाने की मांग
34 एमपीःभोपाल में एक कोचिंग संचालक पर नाबालिग समेत दो बहनों से दुष्कर्म का आरोप, एफआईआर दर्ज
35 सीरियाई विद्रोही गठबंधन ने कुर्द बलों से किसी भी विदेशी संगठन से अलग होने की अपील की
36 एशिया कप U-19 फाइनल में बांग्लादेश ने भारत के सामने जीत के लिए 199 रनों का लक्ष्य रखा
37 किसानों ने दिल्ली चलो मार्च रोका,पुलिस ने तितर-बितर करने के लिए दागे आंसू गैस के गोले
38 सीरियाई नागरिक दमिश्क में राष्ट्रपति भवन में घुसे,असद पैलेस में लूटपाट
39 हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बीती रात एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या
40 सीरिया में 24 साल का असद का शासन समाप्त हो गयाःसीरिया आर्मी कमांड




# छावा की रिलीज टली, 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी विक्की कौशल की फिल्म

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल की आने वाली एपिक हिस्टोरिकल एक्शन फिल्म छावा के मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी है. अब छावा अल्लू अर्जुन की पैन-इंडिया फिल्म पुष्पा 2: द रूल से होने वाले क्लैश से बच गई है. पहले छावा का टकराव अल्लू अर्जुन स्टारर से होने वाली थी. लेकिन दोनों फिल्मों के मेकर्स ने समय रहते इस पर फैसला लिया और दोनों ने अपनी-अपनी फिल्मों का रिलीज डेट बदल दिया. विक्की कौशल स्टारर छावा की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है. अब यह फिल्म दिसंबर 2024 से बढ़ाकर फरवरी 2025 कर दी है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने बुधवार शाम को सोशल मीडिया इसके बारे में जानकारी दी. तरण आदर्श के मुताबिक, विक्की कौशल, रश्मिका, अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म छावा की नई रिलीज डेट का अनाउंसमेंट. छावा अब 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है. तरण आदर्श के मुताबिक, रिलीज की तारीख काफी स्पेशल है क्योंकि यह 19 फरवरी 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के साथ मेल खाती है. दिनेश विजन की निर्मित और लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं. छावा पहले 6 दिसंबर को रिलीज होने वाला था. विक्की कौशल की यह फिल्म अल्लू अर्जुन की एक्शन फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज के एक दिन बाद सिनेमाघरों में उतरने वाली थी. चूंकि पुष्पा 2 का प्रमोशन जोरशोर से चल रहा है और इसकी रिलीज को लेकर लोगों में उत्सुकता भी देखी जा रही है, इसलिए शायद छावा मेकर्स ने फिल्मी की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है. छावा और पुष्पा 2 द रूल, दोनों में फिल्म इंडस्ट्री की नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी. छावा में जहां रश्मिका छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई भोसले की भूमिका निभाएंगी, वहीं पुष्पा 2 में पुष्प राज की श्रीवल्ली की भूमिका को दोहराती नजर आएंगी.

# परम सुंदरी कृति सेनन ने खुद को एक प्रतिशत एलिगेंट माना, फैंस से पूछे सवाल



फिल्म इंडस्ट्री की सफल और 'परम सुंदरी अभिनेत्री कृति सेनन ने सोशल मीडिया पर एक मजाकिया वीडियो मोंटाज शेयर किया। अभिनेत्री ने खुद को केवल एक परसेंट ही एलिगेंट बताया। इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर कर 'शहजादा फेम कृति सेनन ने कैप्शन में लिखा, एक परसेंट एलिगेंट और 99 परसेंट... आप लोग क्या सोचते हैं। अभिनेत्री ने खुद को 99 परसेंट फनी और मजाकिया के साथ मूडी बताया, जिसकी झलक उन्होंने वीडियो में दिखाई। वीडियो मोंटाज में अभिनेत्री मजाकिया अंदाज में नजर आ रही हैं। कृति सेनन की पोस्ट पर फैंस ने रिप्लाई करते हुए उन्हें 'खूबसूरत बताया। कृति के एक फैन ने लिखा, मैंने आज बेहद क्यूट वीडियो देखा। दूसरे ने लिखा, आप मेरी ऑल टाइम फेवरेट हो। भेड़िया फेम कृति सेनन का सोशल मीडिया से गहरा रिश्ता है। अभिनेत्री अपने फैंस से जुड़ने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देती हैं। इसी कड़ी में वह अक्सर एक से बढ़कर एक मजाकिया या अपने फैशन ट्रेंड से जुड़े पोस्ट शेयर करती रहती हैं। कृति का इंस्टाग्राम उनकी एक से बढ़कर एक ग्लैमरस तस्वीरों से भरा पड़ा है। फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री कृति सेनन के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री आने वाले साल के लिए कमर कस चुकी हैं। उनकी कई फिल्म साल 2025 में रिलीज होने वाली हैं। इस लिस्ट में अनुराग कश्यप के निर्देशन में तैयार किल बिल, अमर कौशिक की भेड़िया 2 है। अभिनेत्री के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने हीरोपंती से एक्टिंग में डेब्यू करने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका पिछला प्रदर्शन दोपत्ती, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के साथ काफी उम्दा रहा है। शशांक चतुर्वेदी के निर्देशन में तैयार दो पत्ती में कृति सेनन ने डबल रोल निभाया है। इस फिल्म में कृति सेनन के साथ काजोल और शहीर शेख लीड रोल में थे।

# ये काली काली आंखें की दुनियाभर में दीवानगी, नंबर-1 पर ट्रेंड हुई सीरीज, भूल जाएंगे स्क्विड गेम

नेटफ्लिक्स पर सस्पेंस थ्रिलर सीरीज ये काली काली आंखें का दूसरा सीजन हाल ही में रिलीज हुआ है। रिलीज होते ही ये सीरीज हिट हो गई है। नेटफ्लिक्स पर ये सीरीज ग्लोबली नंबर-1 पर ट्रेंड कर रही है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट से इसकी जानकारी दी है। इसके साथ ही भारत में भी इस सीरीज को खूब पसंद किया जा रहा है।




भारत समेत दुनिया के कई देशों में इस सीरीज को देखा और प्यार दिया जा रहा है। सीरीज को सिद्धार्थ सेन गुप्ता बनाया है। सिद्धार्थ सेन गुप्ता इससे पहले बालिका बधु जैसे सुपरहिट सीरियल भी दे चुके हैं। अब उनकी सीरीज ये काली काली आंखें नेटफ्लिक्स पर ग्लोबली ट्रेंड कर रही है। सिद्धार्थ सेन गुप्ता की सीरीज ये काली काली आंखें का पहला सीजन 2022 में रिलीज हुआ था। हालांकि पहला सीजन लोगों तक नहीं पहुंच पाया। लेकिन हाल ही में इस सीरीज का दूसरा सीजन रिलीज हुआ तो धमाका हो गया। इस सीरीज को लोगों ने न केवल भारत में प्यार दिया है, बल्कि पूरी दुनिया में इसे देखा जा रहा है। नेटफ्लिक्स एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें इसकी जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने बीते रोज जारी अपने पोस्ट में बताया कि सस्पेंस थ्रिलर सीरीज ये काली काली आंखें ग्लोबलि ट्रेंड कर रही है। इसके साथ ही भारत, बहरीन, मालदीव्स, मॉरीसस और बांग्लादेश में ये सीरीज टॉप-10 में बनी हुई है। इसके साथ ही यूएई, श्रीलंका, पाकिस्तान, कतर और ओमान में भी इस सीरीज को खूब देखा जा रहा है। नेटफ्लिक्स के मुताबिक इस सीरीज के दूसरे सीजन ने पहले को भी व्यूअरशिप में पुश किया है। सीरीज को लेकर लोगों की दीवानगी भी साफ देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस सीरीज की पॉपुलरिटी देखते हुए यहां तक दावा किया है कि ये नेटफ्लिक्स के सुपरहिट शो स्क्विड गेम को भी पीछे छोड़ सकती है। हालांकि नेटफ्लिक्स की तरफ से अभी तक इस तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# सोफी चौधरी ने बोल्डनेस से इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स ने दिए जबरदस्त रिएक्शंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई गानों के लिए प्लेबैक सिंगिंग भी की है। उनका नाम बेहतरीन मॉडल की लिस्ट में भी शामिल है। एक्ट्रेस भले ही 35 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें उनकी अदाएं देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में पोप सिंगर के तौर पर की थी। अब उनका नाम फिल्मी दुनिया की जानी-मानी अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। हाल ही में एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने गोल्डन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देते हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बालों को ओपन कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस सोफी चौधरी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- गॉर्जियस। दूसरे यूजर ने लिखा है- ब्यूटिफुल। वहीं, तीसरे यूजर ने लिखा है लवली। ऐसे ही एक के बाद यूजर्स हार्ट और फायर इमोजी भेजते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।







# खुली जुल्फें और ये अदाएं, वनपीस ड्रेस में अवनीत कौर ने चुराई लाइमलाइट, तस्वीरें देख हैरत में पड़ गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने के साथ एक्टिंग लाइन में भी सक्रिय है। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। लेटेस्ट शेयर की गई फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने येलो कलर की स्लीवलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर के और साथ ही ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर की इन फोटोज को इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुए कुछ ही मिनट हुए हैं और अबतक 50 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने लाइक कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स कॉमेंट्स के जरिए अपने रिएक्शंस दे रहे हैं। अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। वो जब भी अपने नए लुक्स की तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।